हरिभूमि
रायपुर भूमि



जनरल कोच में भी होगी नियमित सफाई, शौचालय भी हर घंटे करेंगे क्लीन, तीन ट्रेनों में नई व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एक्सप्रेस के जरनल कोच में सफर करने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने ट्रेनों में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए 'बेटर ऑन-बोर्ड सर्विसेज' नीति लागू करना शुरू कर दिया है। इसके तहत अब एसी और स्लीपर कोच के साथ सामान्य यानी अनारक्षित कोच की सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। शुरुआती चरण में ▶▶|शेष पेज 9 पर



दो घंटे के अंतराल पर सफाई की जाएगी

रेलवे की नई नीति के अनुसार सुबह के व्यस्त समय, सुबह 6 से 9 बजे तक और शाम के व्यस्त समय, रात 8 से 10 बजे तक शौचालयों की हर घंटे सफाई करना अनिवार्य होगा। अन्य समय में प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर सफाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री डिब्बों, प्रवेश द्वारों और कूड़ेदानों की भी यात्रा के दौरान नियमित ▶▶|शेष पेज 9 पर

सफाई के साथ छोटी तकनीकी समस्याएं भी होंगी दूर

नई नीति के तहत सफाई कर्मचारियों को छोटे-मोटे विद्युत और प्लंबिंग संबंधी कामों के लिए भी प्रशिक्षित किया जाएगा। इससे कोच में लाइट, पंखे, कुंडी या पानी की उपलब्धता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा लिनेन का वितरण और संग्रह, कोचों की सफाई तथा अन्य ऑन-बोर्ड सेवाओं का प्रबंधन एक ही पेशेवर एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा। ▶▶|शेष पेज 9 पर

इन तीन ट्रेनों में लागू होगी व्यवस्था

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने शुरुआती चरण में अधिक दूरी तय करने और ज्यादा यात्रियों वाली तीन ट्रेनों का चयन किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सफाई की जिम्मेदारी बिलासपुर कोचिंग डिपो के अंतर्गत होगी। हमसफर एक्सप्रेस के लिए यह ट्रेन रायपुर मंडल के अंतर्गत शामिल है और इसका कोचिंग डिपो दुर्ग है। दुर्ग-एमसीटीएम उधमपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस इसका कोचिंग डिपो भी दुर्ग है और यह रायपुर मंडल के अंतर्गत आती है।

खबर संक्षेप

गांजा तस्कर को 10 साल कैद की सजा

रायपुर। खमतराई थाना क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर को किरण थवाईत की स्पेशल कोर्ट एनडीपीएस ने 10 वर्ष कैद तथा एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू के अनुसार, कोर्ट ने मध्यप्रदेश के शहडोल निवासी गौरीशंकर विश्वकर्मा को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी 15 अगस्त 2022 को ट्रॉली बैग में 16 किलो गांजा लेकर भनपुरी चौक स्थित एक पेट्रोल पंप में मध्यप्रदेश जाने गाड़ी का इंतजार कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने आरोपी के ट्रॉली बैग की तलाशी लेकर गांजा जब्त किया था।

चाकू से जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आपसी रंजिश के कारण दुर्गा विसर्जन में शामिल होने गए युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भाठागांव त्रिमूर्ति नगर निवासी पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रवि ध्रुव को गिरफ्तार किया है। आहत युवक ने पुलिस को बताया कि 22 अक्टूबर को वह अपने परिचितों के साथ दुर्गा विसर्जन कार्यक्रम में शामिल होने गया था। वापसी के दौरान देर रात दंतेश्वरी मंदिर के पास आरोपी युवक पीड़ित के साथ पुरानी रंजिश को लेकर टिप्पणी करने के साथ विवाद करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया था।

सराहनीय सेवा के लिए किया सम्मानित

रायपुर। यातायात प्रबंधन के साथ-साथ अपराध नियंत्रण में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 13 पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने प्रशस्तिपत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में 28 किलोग्राम गांजा ले जा रहे एक महिला-पुरुष तस्कर को दबोचने वाले पुलिसकर्मी, चेकिंग के दौरान संदिग्ध व चोरी के तीन दोपहिया वाहन जब्त कर आरोपियों की गिरफ्तारी, ई-रिक्शा चोरी कर भाग रहे दो शातिर आरोपियों को घेराबंदी कर मौके पर पकड़ने के साथ रावणभाठा दशहरा मैदान में भीड़ का लाभ उठाकर चोरी करने वाले पॉकेटमार को रंगे हाथ पकड़ने वाले पुलिसकर्मी के नाम शामिल हैं।

नो पार्किंग में वाहन, सौ से ज्यादा के खिलाफ कार्रवाई

रायपुर। शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा तेलीबांधा क्षेत्र में करेंसी टॉवर एवं एरिना होटल के सामने सर्विस रोड पर नो पार्किंग में खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों को क्रेन की सहायता से हटवाया गया तथा संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसी प्रकार टाटीबंध क्षेत्र, हीरापुर रिंगरोड नंबर-2 तथा सिलतरा बाइपास, रिंगरोड नंबर-4 पर भी नो पार्किंग में खड़े वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

परेशानी से बचने पंद्रह दिन पहले टिकटों की बुकिंग पर जेब हो रही ढीली

दिवाली का सफर अभी से महंगा, पुणे, बेंगलुरु से रायपुर आने का टिकट 18 हजार तक पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिवाली भले ही पंद्रह दिन बाद हो, मगर उस दौरान छुट्टियों पर घर आने वालों को अभी से टिकट पर ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। त्योहार के तीन दिन पहले बेंगलुरु और पुणे जैसे शहरों से रायपुर आने का किराया अभी से 18 हजार तक पहुंच गया है। ट्रेनों की लंबी वेटिंग और अनिश्चितता की परेशानी से बचने फ्लाइट के यात्री बढ़ रहे हैं, मगर इसके लिए उन्हें कुछ ज्यादा ही जेब ढीली करनी पड़ रही है।

- ट्रेनों की लंबी वेटिंग और अनिश्चितता के कारण बढ़ जाते हैं फ्लाइट के यात्री

विजयादशमी के बाद लोग दिवाली की छुट्टियां मनाने घर आने का प्रोग्राम बनाने लगते हैं। त्योहार के दौरान परेशानी से बचने के लिए पहले से ही ट्रेनों और फ्लाइट का टिकट बुक करा लिया जाता है। इस बार भी पंद्रह दिन पहले फ्लाइट के टिकट बुक होने लगे हैं और इसका सीधा असर ▶▶|शेष पेज 9 पर



फ्लैक्सिबल सिस्टम से बदलता है किराया

फ्लाइटों का किराया फ्लैक्सिबल सिस्टम के माध्यम से लगातार बदलता रहा है। जैसे-जैसे फ्लाइट के टिकट की डिमांड बढ़ती है, तो उसका किराया ▶▶|शेष पेज 9 पर

ट्रेनें फुल हो चुकीं इसलिए फ्लाइट का सहारा

ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ के लिए यात्री दो महीने पहले अपना टिकट बुक कर लेते हैं। इसीलिए लंबी दूरी की ट्रेनों में काफी समय पहले ही नो रूम जैसी स्थिति बन जाती है। यात्रा के लिए सामान्य वर्ग ▶▶|शेष पेज 9 पर

त्योहार में बढ़ जाते हैं यात्री

त्योहार के दौरान छुट्टियां मनाने लोग घर की ओर आते है इसके बाद उनकी वापसी भी होती है। दिवाली में इसकी वजह से यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है जिसका असर टिकटों पर भी होता है।

- रमन जादवानी, संचालक, अजय ट्रैवल्स

ऑनलाइन के बाद आरक्षण काउंटर से अब टिकट लेने पर भी मिलेगा यात्रा बीमा, 27 से सुविधा होगी शुरू

अब रेलवे के आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्रियों को भी यात्रा बीमा की सुविधा मिलेगी। भारतीय रेलवे 27 अक्टूबर से यह सुविधा शुरू करने जा रहा है। इससे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडलों के आरक्षण काउंटरों से टिकट लेने वाले यात्री भी निर्धारित नियमों और शर्तों के तहत यात्रा बीमा का लाभ उठा सकेंगे। रेलवे की इस पहल का उद्देश्य यात्रा के दौरान किसी दुर्घटना या आकस्मिक घटना की स्थिति में यात्रियों को आर्थिक सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 7 पर

दुर्घटना में इन परिस्थितियों में मिलेगी सुरक्षा

यात्रा बीमा के तहत रेल दुर्घटना या बीमा पॉलिसी में शामिल अन्य निर्धारित आकस्मिक घटनाओं की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा का प्रावधान है। इसमें दुर्घटना के कारण मृत्यु, स्थायी पूर्ण दिव्यांगता और स्थायी आंशिक दिव्यांगता के मामलों में बीमा लाभ ▶▶|शेष पेज 9 पर

टिकट लेते समय चुनना होगा विकल्प

आरक्षण काउंटर से टिकट बुक कराने वाले यात्री टिकट बनवाते समय निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यात्रा बीमा का विकल्प चुन सकेंगे। इसके लिए टिकट बुकिंग के समय डिजिटल माध्यम से भुगतान करना और वैध मोबाइल नंबर ▶▶|शेष पेज 9 पर

स्कूल में अनुशासन के नाम पर बच्चे की चोटी काटी, एक साल बाद एफआईआर दर्ज

- घटना पटेवा स्थित एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल की
- शिक्षा विभाग की रिपोर्ट पर गोबरा नवापारा पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटेवा स्थित एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल में अनुशासन के नाम पर चौथी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र की चोटी काटे जाने के मामले में गोबरा नवापारा पुलिस ने एक वर्ष बाद अपराध दर्ज किया है। शिक्षा विभाग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने स्कूल प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। अनुशासन का हवाला देकर टीचर ने छात्र के लंबे बालों की चोटी बनाकर कैंची से काट दी थी। घटना के बाद छात्र के परिजनों ने स्कूल से नाम कटवाकर अन्य स्कूल में दाखिला दिलवाया था। परिजनों ▶▶|शेष पेज 9 पर

कान मरोड़ने का आरोप

जांच के दौरान छात्र ने आरोप लगाया था कि होमवर्क अधूरा होने पर गणित के शिक्षक ने उसका कान मरोड़ा था। शिक्षक ने जांच टीम को शारीरिक दंड देने से इनकार किया। टीम के सामने स्कूल प्राचार्य ने बच्चों के बाल व्यवस्थित कराने की बात कबूल की। जांच दल ने स्कूल प्रबंधन और संबंधित शिक्षकों को भविष्य में इस तरह का व्यवहार नहीं करने की चेतावनी देने की अनुशंसा की थी।

जांच में अस्पताल की रिपोर्ट शामिल

जांच में अफसरों ने निजी अस्पताल की पांच जून 2026 की मेडिकल रिपोर्ट को भी शामिल किया है। रिपोर्ट में बच्चे को नींद में परेशानी, चिड़चिड़ापन और स्कूल जाने से डरने जैसी समस्या होने का उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद उसकी स्कूल में उपस्थिति भी अनियमित हो गई थी। अप्रैल 2026 से उसका दाखिला दूसरे स्कूल में करा दिया गया।

महीनेभर पहले जब्त 650 किलो पनीर नष्ट, जांच रिपोर्ट में मिला था अमानक

कारोबारी के आवेदन पर एफडीए टीम ने की कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोरा के समीप गाड़ी में महीनेभर पहले जब्त किया गया 650 किलो पनीर नष्ट कर दिया गया। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच में यह पनीर ▶▶|शेष पेज 9 पर

कारोबारी ने अपने खर्च पर कराई सैंपल टेस्टिंग

विभागीय टीम ने संदेह के आधार पर महीनेभर पहले जोरा के समीप पनीर की खेप पकड़ी थी। पनीर के सैंपल लेकर उसे जांच के लिए भेजा गया था, जहां से रिपोर्ट अमानक मिली थी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कारोबारी ने इस जांच को चुनौती देते हुए दूसरे सैंपल की टेस्टिंग अपने खर्च पर कराई थी। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इसकी रिपोर्ट आनी अभी शेष है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जोरा के समीप जब्त किए गए मैजिक फ्रेश मलाई पनीर के 650 किलो के ▶▶|शेष पेज 9 पर

चक्रवाती तूफान बदलेगा राज्य का मौसम, बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड के आगमन के बाद अक्टूबर के अंतिम दिनों राज्य के मौसम में बदलाव होने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में आने वाले चक्रवाती तूफान के असर बस्तर में भारी से अतिभारी बारिश भी हो सकती है। मौसम तंत्रिका में बदलाव से आने वाली नमी से न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। अभी राज्य का न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से नीचे हो चुका है और सरगुजा इलाके में ठंड का असर अच्छा होने लगा है। पिछले तीन चार दिन से राज्य में शुष्क और ठंडी हवा का आगमन हो रहा था, जिससे न्यूनतम तापमान गिरावट हो रही थी। इससे देर रात से सुबह तक ठंड का अहसास हो रहा था। शनिवार को बंगाल की खाड़ी में अवदाब तैयार हो चुका है।

- माह के अंतिम दिनों में दिखेगा असर, नमी से चढ़ेगा पारा



आईएनसी के अप्रूवल बिना सीजीएनआरसी ने दी 28 कॉलेजों को मान्यता

मान्यता के विवादों में फंसा नर्सिंग एडमिशन अब छह दिनों में काउंसिलिंग होना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



अप्रूवल और मान्यता के चक्कर में नर्सिंग कालेजों में एडमिशन का मामला फंस गया है। स्थिति स्पष्ट नहीं होने की वजह से अगले छह दिनों में काउंसिलिंग कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करना संभव नहीं है। नर्सिंग रजिस्ट्रेशन काउंसिल ने नर्सिंग काउंसिल के अप्रूवल के बिना 28 कालेजों को प्रवेश के लिए मान्यता दी है। इसमें शर्तें जोड़ी गई है कि आईएनसी की स्वीकृत क्षमता के अलावा अतिरिक्त सीटों को मान्य नहीं किया जाएगा, जिस पर संशय की स्थिति बन गई है। नर्सिंग कालेजों में प्रवेश के लिए 31 अक्टूबर अंतिम तारीख तय की गई है। मान्यता वाली अंतिम सूची जारी नहीं होने की वजह से यह अब तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस बार राज्य के कितने कालेजों में नर्सिंग की पढ़ाई होगी। सीजीएनआरसी ▶▶|शेष पेज 9 पर

संबद्धता का भी पता नहीं

मान्यता पर चल रहे विवादों के बीच आयुष विश्वविद्यालय से प्रदान की जाने वाली संबद्धता का अब तक पता नहीं है। विवि मान्यता सूची के आधार पर अपनी मान्यता प्रदान करता है, हालांकि पूर्व में 30 कालेजों को संबद्धता देने के मामले में विवाद की स्थिति बन चुकी है। नर्सिंग कालेजों को हर साल प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करने से पहले मान्यता और संबद्धता के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। इसकी धीमी प्रक्रिया की वजह से हर साल नर्सिंग का एडमिशन अपने निर्धारित समय-सीमा से काफी आगे निकल जाता है।



हमारी लोककलाएं इतिहास, जीवन-मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान की जीवंत अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोककला और संस्कृति की समृद्ध धरती है। हमारी लोककलाएं हमारे इतिहास, जीवन-मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। इन्हें सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार लोककलाओं के संरक्षण-संवर्धन के साथ कलाकारों को प्रोत्साहन और व्यापक मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानबरद में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रदेशभर से आए लोक कलाकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी ने अनेक महान कलाकार दिए हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और साधना से प्रदेश की लोकसंस्कृति को देश-दुनिया में प्रतिष्ठित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंडवानी की महान लोक कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अद्वितीय कला-साधना से छत्तीसगढ़ की पंडवानी को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई। पंडवानी एक अनूठी लोकविधा है, जिसमें कलाकार महाभारत की कथा और उसके विभिन्न पात्रों को अपने गायन, अभिनय और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से जीवंत कर देता है। तीजन बाई ने इस अद्भुत लोकविधा को दुनिया के अनेक मंचों तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञानश्रोत कला मंच के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि किसी संस्था का लगातार 46 वर्षों तक लोककला और संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इस मंच ने छत्तीसगढ़ की लोककलाओं को जीवंत रखने, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने पद्मश्री डॉ. उषा बारले एवं ज्ञानश्रोत लोककला मंच से जुड़े सभी लोगों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के कलाकारों और फिल्म जगत को भी नई संभावनाओं से जोड़ रही है। छत्तीसगढ़ी सिनेमा और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। नवा रायपुर में फिल्म सिटी विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा के साथ अन्य फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के कलाकारों तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं रचनात्मक अवसरों के नए द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों की मांग पर पंडवानी महासम्मेलन में शामिल 70 दलों को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। इनमें पंडवानी कलाकारों के साथ चार पंथी एवं तीन आदिवासी नृत्य दल भी शामिल हैं।

पंडवानी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल



लोककला हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने में यहां के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पंडवानी, पंथी, मरथरी, ददरिया और सुवा जैसी लोकविधाएं हमारे जीवन और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। ये केवल गीत और नृत्य नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा हैं। उन्होंने कलाकारों से इस महासम्मेलन की परंपरा को आगे भी इसी उत्साह के साथ जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विधायक रिकेश सेन ने भी संबोधित किया। पद्मश्री डॉ. उषा बारले ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कलाकारों से जुड़ी विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

दिवंगत तीजन बाई के नाम पर अलंकरण इसी वर्ष से

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीजन बाई की स्मृतियों और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण पहल कर रही है। उनके गृह ग्राम गनियारी को कला ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा तथा वहां के हाईस्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम पर करने की पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण इसी वर्ष से राज्योत्सव के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। यह अलंकरण उनकी अनुपम कला-साधना के प्रति सम्मान के साथ प्रदेश के लोक कलाकारों को अपनी परंपरागत कलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।

खबर संक्षेप

गोदड़ीवाला धाम में आज होगी सत्यनारायण कथा



रायपुर। देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में शरद पूर्णिमा के अवसर पर भगवान सत्यनारायण की कथा आज होगी। संत बाबा हरदासराम व संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद से व महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य मे रविवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दोपहर 12.30 बजे भगवान सत्यनारायण की कथा व आरती व बाबाजी की पावन मदाह साहब, सत्संग, भजन कीर्तन, अरदास, पल्लव साहब कार्यक्रम होगा। दोपहर 3 बजे भंडारे का आयोजन रखा गया है। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इंदर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी एवं पवन प्रीतवानी ने दी।

दुर्गोत्सव समिति ने पंडाल में किया भोग-भंडारा



रायपुर। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी नवरात्रि पर्व पर एवन युवा दुर्गोत्सव समिति, दूधाधारी मंदिर परिसर मठपारा में समिति द्वारा विशाल महाभण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पंडाल प्रांगण में बैठकर मातारानी का प्रसाद ग्रहण किया। इसमें दूधाधारी मठ मंदिर के प्रमुख, राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास महंत, सुशील ओझा, सुरेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष राजेश पुरी गोस्वामी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग से महाभण्डारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

वर्तमान धान खरीदी में भारी विसंगतियां: उधो

रायपुर। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में कई विसंगतियां हैं, जिसमें



किसानों में भारी रोष है। मूल खसरा और रकबा में, गिरदावरी में, खरीफ और रबी फसल की तुलनात्मक अन्य फसल अंकित होने के कारण दलहन-तिलहन, उन्हें दर्शाया नहीं जा रहा है, जिससे धान खरीदी के रकबा में बहुत कमी होती जा रही है।

एपीटीआई के 28वें राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल हुए राज्यपाल

सस्ता इलाज, किफायती दवाएं और ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा देश की प्रमुख चुनौती : डेका





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि सस्ता इलाज, किफायती दवाएं और ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना देश की प्रमुख चुनौतियां हैं। इनके समाधान के लिए चिकित्सकों, फार्मासिस्टों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं को मिलकर काम करना होगा। नकली दवाओं पर रोक लगाने, भारतीय पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों पर वैज्ञानिक शोध करने और छत्तीसगढ़ की वनौषधियों के पारंपरिक ज्ञान को सामने लाना होगा।

राज्यपाल रमेन डेका पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया के 28वें राष्ट्रीय अधिवेशन एपिकॉन-2026 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण आबादी तक बुनियादी सुविधाएं पहुंचाना अब भी चुनौती है। दवाओं की कीमत आम आदमी की पहुंच में होनी चाहिए। चिकित्सकों को दवाएं लिखते समय मरीज की आर्थिक स्थिति का ध्यान रखना चाहिए और जहां संभव हो, कम कीमत वाली प्रभावी दवाओं के विकल्प अपनाने चाहिए। चिकित्सकों और फार्मासिस्टों को गांवों तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करना होगा। छत्तीसगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों, विशेषकर बैगा समुदाय के पास औषधीय पौधों और पारंपरिक उपचार पद्धतियों से जुड़ा महत्वपूर्ण ज्ञान है। इसका वैज्ञानिक अध्ययन और दस्तावेजीकरण किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि नकली दवाओं से मरीजों के स्वास्थ्य और जीवन पर संकट पैदा होता है तथा चिकित्सा व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर होता है।

देशभर के शिक्षक शामिल

अधिवेशन में देशभर से लगभग 700 शिक्षक, 900 विद्यार्थी और फार्मेसी, विपणन तथा उद्योग जगत से जुड़े करीब 200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान एपीटीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मिलिंद जनराव उमेकर ने संगठन की गतिविधियों और फार्मेसी शिक्षकों के प्रशिक्षण, शोध तथा उद्योगों के साथ सहयोग बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। भारतीय शिक्षा मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री बी.आर. शंकरानंद ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

फार्मेसी पाठ्यक्रम में एआई शामिल

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोटू एम. पटेल ने बताया कि बदलती तकनीक और उद्योग की जरूरतों के अनुरूप फार्मेसी पाठ्यक्रम में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मेडिकल डिवाइस जैसे विषय शामिल किए गए हैं। उन्होंने अनावश्यक एंटीबायोटिक के इस्तेमाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए देश के 42 स्थानों पर चलाए जा रहे अभियान की जानकारी दी। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने विवि में चल रहे शोध कार्यों का उल्लेख करते हुए छत्तीसगढ़ के वन आधारित औषधीय संसाधनों से नए उत्पाद विकसित करने और फार्मेसी शोध को अन्य विज्ञान विषयों से जोड़ने की जरूरत बताई।

आदिवासियों के लिए कांग्रेस ने बनाए संवैधानिक अधिकार भाजपा बताए क्या किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस बयान पर कि कांग्रेस ने 50 सालों में जनजातीय समाज के लिए कुछ नहीं किया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के साथ उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व और विकास के अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और उनका प्रदेश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना भी उस लोकतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण है, जिसमें आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व के अवसर मिले हैं।



■ बैज ने बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को लेकर भी सरकार पर लगाए आरोप

उन्होंने कहा, भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजातियों के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व, सरकारी नौकरियों और शिक्षा में अवसर तथा सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के प्रावधान किए गए। लोकसभा और विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण, अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के लिए विशेष व्यवस्था और आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए संवैधानिक प्रावधान इसी व्यवस्था का हिस्सा हैं। कांग्रेस की सरकारों ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है।

पेसा कानून और वनाधिकार पट्टों का किया उल्लेख

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, वर्ष 1996 में पेसा कानून बनाया गया, जिसका उद्देश्य पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मजबूत करना तथा आदिवासी समुदायों की परंपराओं, सामुदायिक संसाधनों और स्थानीय स्वशासन को संरक्षण देना है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आदिवासी हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस ने बस्तर के स्वाभिमान और प्राकृतिक विरासत की रक्षा की, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार पर नंदराज पर्वत को अडानी समूह के हितों के लिए समर्पित करने का आरोप लगाया। उन्होंने बस्तर की शबरी, गंडकी और इंद्रावती नदियों में औद्योगिक प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि नदियों का पानी प्रदूषित होकर लाल हो रहा है।

स्मृति ईरानी के सामने भाजपा की गुटबाजी और कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के दौरे से पहले प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख



सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने स्मृति ईरानी का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए कहा, प्रदेश में उन्हें भाजपा की गुटबाजी, नेताओं के बीच आपसी खींचतान और कार्यकर्ताओं के असंतोष का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, पौने तीन साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है और प्रदेश में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी हावी है।

उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी के रूप में स्मृति ईरानी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के भीतर चल रही गुटबाजी को संभालना और नाराज कार्यकर्ताओं का असंतोष दूर करना होगा। उनके अनुसार, सरकार में मंत्रियों के बीच आपसी खींचतान है और कई मंत्री मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए हैं। वरिष्ठ विधायकों और नेताओं को सरकार में उचित स्थान नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो रही है और पार्टी के कार्यकर्ता भी सरकार के ढाई साल के कामकाज से नाराज हैं।

महंगाई पर भी घेरा: उन्होंने महंगाई के मुद्दे पर भी स्मृति ईरानी से जवाब मांगा। उन्होंने कहा, स्मृति ईरानी पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलन करती रही हैं। गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में सिलेंडर उठाए उनकी तस्वीर भी खूब चर्चित हुई थी।

जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरेगी जोगी कांग्रेस, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर प्रदेशव्यापी संघर्ष शुरू करने का निर्णय लिया है। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नवनीत चांद की अगवाई में शनिवार को जोगी निवास, सिविल लाइंस में संगठनात्मक पुनर्गठन, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और जनसमस्याओं को लेकर मैराथन बैठक हुई। बैठक में जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने सहित कई प्रस्तावों पर सहमति बनी।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा युवाओं, महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के बीच पार्टी की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

'अब भाषण नहीं, जनता के लिए रण करना होगा'

प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, देश का राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। अब भाषण देने के बजाय जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना होगा। जनहित के सवालों पर सड़क पर उतरना ही जेसीसीजे 2.0 की पहली प्राथमिकता है।

कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची की निष्पक्षता और पात्र नागरिकों के मताधिकार की रक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव ने शनिवार को 'वोट बचाओ–देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ–संविधान बचाओ' अभियान के तहत पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पदयात्रा के दौरान संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन कर लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का संकल्प भी लिया गया।

कांग्रेसियों ने महापौर निवास से पैदल मार्च करते हुए सुकवारी बाजार चौक पहुंचे। यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा की मांग उठाई गई। पदयात्रा के दौरान जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया।

मतदाता सूची की निगरानी करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, मताधिकार प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर मतदाता सूची की निगरानी करेंगे तथा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी बाधा के मतदान का अवसर मिलना चाहिए।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, नगर निगम सभापति कृपाराम निषाद और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी सहित अविनाश नियाल, लखन साहू, ज्वाला गोस्वामी, प्रवेश पांडे, बाबा खान, छबी धीवर, सतीश, ऊबारन, रियाज खान, दिलदार, रानी गोस्वामी, बाबूलाल, रितेश सिंह, बैसाखु सागर, मुकेश तिवारी, दीनू निषाद और पुष्पलता वैष्णव सहित पार्षद, मंडल अध्यक्ष और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क-नाली की गुणवत्ता में कोताही, विधायक मोतीलाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित कचना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सड़क और नाली निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही जोन स्तर पर पट्टा वितरण के लिए कराए गए सर्वे में खामियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। श्री साहू ने शनिवार को मोवा स्थित जोन-9 कार्यालय पहुंचकर जोन के 7 वार्डों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने को लेकर रायपुर ग्रामीण



विधायक नाराज हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश इस दौरान दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पट्टा संबंधी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया है। दीपावली पर्व को ध्यान में पूरे शहर में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था में सुधार लाने विशेष ध्यान देने कहा है। श्री साहू ने जोन 9 के अधिकारियों को दीपावली पर्व के पूर्व सभी कॉलोनियों, मोहल्लों, वार्डों में नालियों, मार्गों, गलियों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कचना में प्रधानमंत्री आवास योजना आवासीय परिसर में सड़क और नाली के निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार लाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, जोन-9 के अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, प्रभा विश्वकर्मा, सावित्री धीवर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू सहित जोन अधिकारियों की उपस्थिति रही।

शिवम सिटी सड़ू में सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने महात्मा गांधी वार्ड में अधोसंरचना मद से करीब 75 लाख रुपये की लागत से शिवम सिटी सड़ू में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें नए सीसी रोड का निर्माण 40 लाख और नई नालियों का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। शिवम सिटी सेक्टर-3 क्षेत्र में गंदे पानी के सुगम निकास के लिए नई नालियों का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा। विधायक श्री साहू ने श्रीफल फोड़कर जोन-9 जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद सावित्री धीवर सहित अन्य वार्ड पार्षदों की मौजूदगी में भूमिपूजन कर नागरिकों को सौगात दी।

भाजपा बोली- कांग्रेस और विपक्ष कर रहे वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, कांग्रेस और विपक्ष वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है विपक्षी दल निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने और जनता को भ्रमित करने का निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष अब निर्वाचन आयोग और चुनाव प्रणाली पर बेबुनियाद सवाल खड़े कर रहा है।

श्री पाण्डेय शनिवार को ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते



हुए कहा, चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने बताया, 1952 के चुनाव में कांग्रेस ने कम्युनिस्टों के साथ मिलकर बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को हराने की साजिश रची थी। 1957 में बिहार के बेगूसराय में देश के पहले बूथ पर कांग्रेस समर्थकों द्वारा कब्जा करने की घटना हुई थी। 1967 में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने प्रतिद्वंदियों को चुनाव से रोककर निर्विरोध 61 सीटें जीती थीं। श्री पाण्डेय ने सन 1975 के घटनाक्रम की चर्चा करते हुए कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाते हुए 6 वर्षों के लिए किसी भी सार्वजनिक पद के अयोग्य घोषित कर दिया था। 1987 का कश्मीर चुनाव कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बड़े पैमाने पर धांधली कर जीता था। इसके अलावा देश में कई चुनी हुई सरकारों को कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बर्खास्त किया।

श्री पाण्डेय ने कहा, जनता का समर्थन खो चुकी कांग्रेस के पास कोई ठोस एजेण्डा नहीं बचा है, इसलिए वह हार के डर से वोट चोरी और ईवीएम जैसे झूठे बहाने बना रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में चुनाव आयोग ने 400 से अधिक विधानसभा चुनाव और 20 आम चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए हैं। दुनिया की लगभग 1/6 आबादी के लिए चुनाव प्रबन्धन करने का अनुभव रखने वाला यह आयोग वैश्विक लोकतंत्र के सबसे मजबूत संरक्षकों में से एक है। मोदी सरकार ने चुनाव कानून संशोधन विधेयक (2021) लाकर चुनावी सुधारों और एसआईआर की निष्पक्ष प्रक्रिया को मजबूती दी है।

खबर संक्षेप



अभनपुर में मन की बात के 139वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण आज

अभनपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें एपिसोड के सामूहिक श्रवण का आयोजन 25 अक्टूबर दिन रविवार, सुबह 11:00 बजे अभनपुर स्थित श्री अलका आशुतोष अग्रवाल भवन में किया जाएगा। कार्यक्रम प्रभारी संचित तिवारी एवं भरत बैस ने बताया कि आयोजन में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा की राष्ट्रीय महामंत्री एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी, भाजपा संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक इंद्रकुमार साहू, ग्रामीण जिला संगठन प्रभारी सुरेंद्र पाटनी, रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग सहित सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति प्रस्तावित है। आयोजन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों में उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों की ओर से गणमान्य नागरिकों, व्यापारी बंधुओं, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपील किया गया है।

मोर भंवरा का सांस्कृतिक कार्यक्रम आज सड्डू में

तरपोंगी। महामाया पारा सड्डू में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर आगामी 25 अक्टूबर को शाम 7 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम मोर भंवरा (अंजोरा दुर्ग) का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्री नवीन मित्र मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सड्डू के सरपंच नंदू साहू तथा उपसरपंच टाकेश्वर निर्मलकर करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंधी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष राम गिडलानी, जिला पंचायत सभापति शैल महेंद्र साहू, जनपद सदस्य देवेन्द्र वर्मा व प्रदेश कांग्रेस महामंत्री धर्मेन्द्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलदाऊ साहू, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सोनम साहू, डॉ. नरेन्द्र यादव एवं क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। आयोजन को भव्य रूप देने में जय महामाया मोहल्ला विकास समिति, श्री शारदा गणेश उत्सव समिति तथा समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहेगा।

अटल विहार कालोनी में शरद पूर्णिमा उत्सव

आरंग। शरद पूर्णिमा के पावन पर्व के उपलक्ष्य में नगर की नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अटल विहार कॉलोनी स्थित तिरंगा झंडा चौक गार्डन परिसर में भव्य धार्मिक कार्यक्रम एवं महाभंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अनुसार यह भक्तिमय आयोजन 25 अक्टूबर को पूरे श्रद्धाभाव और धूमधाम के साथ संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर मां जगदम्बा की विशेष पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ विशाल भंडारे में महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। नव दुर्गा उत्सव समिति ने नगर व आसपास के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से सपरिवार पधारकर मां जगदम्बा का आशीर्वाद लेने तथा भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के भागी बनने की अपील की है।

श्री राधा कृष्ण मंदिर में शरद पूर्णिमा महोत्सव

आरंग। स्थानीय प्राचीन दुलारा बाई जौजे अमानसिंह द्वारा सन् 1896 में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन मंदिर परिसर में बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ 25 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से हर्षोल्लासपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया है। मंदिर के सर्वराकार सावन शुक्ला ने बताया कि विशेष आकर्षण भव्य रास गरबा का आयोजन एवं महाआरती के पश्चात खीर तथा प्रसाद वितरण किया जाएगा। मंदिर के ट्रस्टी क्रमशः सतीश अग्रवाल, राकेश गुप्ता, बृजेश सोनी, बृजेश अग्रवाल, अर्पित चौधरी एवं अरविंद गुप्ता ने सभी भक्तों से सपरिवार पधारकर भगवान श्री राधा कृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त करने तथा उत्सव की शोभा बढ़ाने का निवेदन किया है।

खसरों का सर्वे लंबित, तहसीलदारों को मैदानी सर्वे से मुक्त रखने की मांग

डिजिटल क्रार्य सर्वे से तकनीकी समस्या शीघ्र दूर करें : पटवारी संघ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

छत्तीसगढ़ में पटवारियों की जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल और डिजिटल फसल सर्वे में आ रही

- डिजिटल फसल सर्वे ठप, तहसीलदारों पर बढ़ा बोझ

गंभीर तकनीकी अड़चनों को लेकर प्रशासनिक अमले में चिंता बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने इस संकट के समाधान के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक विस्तृत पत्र सौंपा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पेखन टोण्ड्रे ने बताया कि पटवारियों की हड़ताल की वजह से डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीवी ऐप के माध्यम से फसल सर्वेक्षण और जियो-कोऑर्डिनेट्स संकलन का कार्य पूरी तरह पटरी से उतर गया है। इसके अलावा पुराने राजस्व नक्शों और धरातल की वास्तविक स्थिति में विसंगतियों, गैर-जियोरेफरेंस्ड खसरों, कमजोर इंटरनेट कनेक्टिविटी और सर्वर की खराबी के चलते यह कार्य बेहद जटिल हो चुका है।सर्वेक्षण की प्रगति रिपोर्ट जमीनी हकीकत बयां कर रही है, जहां लाखों खसरों का काम अधर में लटका हुआ है। पीवी ऐप के ताजा आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश के 32.15 लाख से अधिक खसरों में से अब तक महज 26.39 फीसदी काम ही पूरा हो सका है, जबकि 23.67 लाख से ज्यादा खसरे लंबित पड़े हैं। इसी प्रकार डिजिटल क्रॉप धान खसरा पॉलीगोन के मामले में भी 16.24 लाख खसरों में से सिर्फ 34.96 प्रतिशत का ही काम हो पाया है और 10.56 लाख से अधिक खसरों की एंट्री अटकी हुई है। इस बीच पटवारियों की अनुपस्थिति का सीधा असर तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों पर पड़ रहा है। उनसे व्यक्तिगत यूजर आईडी के जरिए सीधे मैदानी सर्वे करने और सत्यापन का दबाव बनाया जा रहा है। संघ का कहना है कि इन अधिकारियों के कंधों पर राजस्व न्यायालयों के संचालन, नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा और कानून-व्यवस्था जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण दायित्व होते हैं। संघ ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पटवारियों की हड़ताल का तत्काल समाधान निकाला जाए ताकि राजस्व का कामकाज पटरी पर लौट सके। साथ ही डिजिटल क्रॉप सर्वे की तकनीकी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रशिक्षित सर्वेक्षक, तकनीकी सहयोग और पर्याप्त संसाधन मुहैया कराने की मांग की गई है। इसके अलावा उपलब्ध मानव संसाधन के अनुसार सर्वे की समय-सीमा दोबारा तय करने, तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को मैदानी सर्वे की अनिवार्यता से मुक्त रखकर केवल पर्यवेक्षण तक सीमित रखने और लंबित कार्यों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की अपील की गई है, जिससे किसानों के हित और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों सुरक्षित रह सकें।

धान खरीदी में विसंगतियों से किसानों में रोष, पटवारियों की मांगों को समर्थन

सिलयारी। प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को लेकर किसानों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। गिरदावरी रिपोर्ट, मूल खसरा, रकबा और एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज आंकड़ों के बीच विसंगतियों के कारण किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी होने की आशंका है। इन समस्याओं को लेकर उधो वर्मा ने राज्य सरकार की धान खरीदी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए किसानों को हो रही परेशानियों का तत्काल निराकरण करने की मांग की है। उन्होंने हड़ताल कर रहे पटवारियों की जायज मांगों का समर्थन करते हुए सरकार से बातचीत के जरिए हड़ताल समाप्त कराने की अपील की है। उधो वर्मा के अनुसार, गिरदावरी में खरीफ और रबी फसलों के विवरण तथा अन्य फसलों की प्रविष्टियों में विसंगतियों के कारण कई किसानों के धान के रकबे में कमी दिखाई दे रही है। इससे समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए पात्र रकबे का निर्धारण प्रभावित हो सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्व रिकॉर्ड और पोर्टल में दर्ज जानकारी का सही मिलान कर त्रुटियों को दूर किया जाना चाहिए, ताकि किसी भी किसान को उसकी वास्तविक कृषि भूमि और उत्पादन के आधार पर मिलने वाले लाभ से वंचित न होना पड़े।

पटवारियों की हड़ताल से किसान परेशान, धान खरीदी से पहले समाधान निकाले सरकार : भावेश बघेल

सिलयारी। छत्तीसगढ़ में पटवारियों की हड़ताल के चलते राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसका असर किसानों और आम नागरिकों पर पड़ रहा है। वहीं, धान खरीदी का समय नजदीक आने के साथ ही किसानों की चिंता बढ़ गई है। गिरदावरी, फसल सत्यापन और राजस्व अभिलेखों को दुरुस्त करने जैसे जरूरी कार्यों में देरी होने से किसानों को आगामी धान खरीदी के दौरान परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस स्थिति को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी विभाग) के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल ने राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान निकालने की मांग की है।

भावेश बघेल ने कहा कि धान खरीदी छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। खरीदी से पहले गिरदावरी, फसल सत्यापन और राजस्व रिकॉर्ड का सही होना बेहद जरूरी है। ऐसे में पटवारियों की हड़ताल के कारण इन कार्यों में आने वाली बाधाओं का सीधा असर किसानों पर पड़ सकता है। सरकार को इस मामले की गंभीरता को समझते हुए समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

उन्होंने राज्य सरकार से पटवारी संघ के प्रतिनिधियों के साथ तत्काल बैठक कर उनकी मांगों पर सकारात्मक चर्चा करने और सहमति के आधार पर समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार और पटवारी संघ के बीच संवाद के माध्यम से गतिरोध दूर किया जाना चाहिए, जिससे राजस्व विभाग का कामकाज जल्द सामान्य हो सके।

किसानों को परेशानी से बचाना सरकार की जिम्मेदारी

भावेश बघेल ने कहा कि सरकारी व्यवस्था में उत्पन्न गतिरोध का खामियाजा किसानों और आम जनता को नहीं भुगतना चाहिए। धान खरीदी के समय यदि आवश्यक राजस्व दस्तावेजों, फसल सत्यापन या गिरदावरी से संबंधित कार्य अधूरे रहते हैं, तो किसानों को धान बेचने की प्रक्रिया में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि पटवारी संघ की समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए जल्द निर्णय लिया जाए। पटवारी संघ की हड़ताल का जल्द समाधान निकालकर किसानों को राहत देना आवश्यक है, ताकि आगामी धान खरीदी के दौरान उन्हें अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

गुल्लू में धूमधाम से मना विजयादशमी पर्व



आरंग। ग्राम गुल्लू में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल समाज रामलीला मंडली द्वारा तीन दिवसीय रामलीला का मंचन किया गया। अंतिम दिन भव्य विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामलीला मंडली के संरक्षक गैंद राम साहू, अर्जुन जलछात्री, गणेश साहू, डोमेश साहू, तारेंद्र साहू, अशोक साहू, राजेश साहू, संतोष साहू, अध्यक्ष रेवाराम साहू, श्यामू धीवर, नारायण देवदास, धनेश्वर धीवर, बीरबल ध्रुव, चंदू यादव, तेजराम यादव, कमलेश साहू, जागेश्वर साहू, शंकर धीवर, मनसुख यादव एवं शत्रुहन साहू सहित ग्राम गुल्लू की सरपंच टेकेश्वरी भुनेश्वर साहू, उपसरपंच योगेश्वर साहू, अशोक यादव, समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया।

वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत धरसींवा में कांग्रेस की पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

'वोट बचाओ–देश बचाओ' आंदोलन के तहत धरसीवां में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुतला दहन कर मतदाता अधिकारों की सुरक्षा और निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। आंदोलन के बाद कांग्रेस पदाधिकारियों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। इसके पश्चात शहीद उद्यान, धरसीवां में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक और बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मतदाता सूची, बूथ स्तर पर संगठन की सक्रियता और अभियान को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण के 'वोट बचाओ–देश बचाओ' अभियान प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए।

उन्होंने मतदाता अधिकारों की सुरक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों की मजबूती और बूथ स्तर पर संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यकर्ताओं से अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने की बात कही।

कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, पूर्व विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष भावेश बघेल और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष वर्मा सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उधो राम वर्मा, दुर्गेश वर्मा, रतन सोलंकी, जयंत साहू, साहिल खान, पंकज नायक, रणजीत गायकवाड़, शेखर यादव, प्रमोद शर्मा, घनश्याम वर्मा, चूड़ामणि साहू, हरिशंकर निषाद, रूपेश बघेल, मोहन साहू, सोहराब खान, लक्ष्मी साहू, नीतू साहू, देवेंद्र खेलवार, अदिति अग्रवाल, प्रदीप गोस्वामी, तुकाराम वर्मा, ढालेन्द्र वर्मा, गोलू भतरिहा, रवि लहरी, चोवाराम साहू, पवन निषाद एवं इजराइल खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।आंदोलन और बैठक के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता अधिकारों की सुरक्षा, लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने तथा चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई।

बीएलए की भूमिका और मतदाता सूची पर चर्चा

शहीद उद्यान में आयोजित बैठक के दौरान संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई। बूथ लेवल एजेंटों की जिम्मेदारियों, बूथ स्तर पर आपसी समन्वय तथा मतदाता सूची से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मतदाता अधिकारों की रक्षा तथा प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक में अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचाने की रणनीति पर भी चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची की निगरानी, मतदाताओं की समस्याओं को सामने लाने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए सक्रिय रहने की बात कही गई।

फरफौद में पालक-शिक्षक की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग



सरस्वती शिशु मंदिर फरफौद में शनिवार को पालक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। बैठक में 65 माताओं एवं 42 अन्य पालकों सहित कुल 107 पालकों की सहभागिता रही। इस दौरान बच्चों की शिक्षा, संस्कार और सर्वांगीण विकास को लेकर विचार साझा किए गए। विद्यालय अध्यक्ष नेतराम चंद्राकर, उपाध्यक्ष सोहन चंद्राकर, सचिव मेघराज चंद्राकर एवं कार्यकारिणी सदस्य गनपत राम लोधी ने अपने संदेश में कहा कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव अच्छी शिक्षा, संस्कार और अनुशासन से बनती है। इसके लिए विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर तालमेल एवं निरंतर संवाद जरूरी है।

उन्होंने पालकों से बच्चों की पढ़ाई, नियमित उपस्थिति और व्यवहार पर विशेष ध्यान देने तथा शिक्षकों के साथ मिलकर उनके सर्वांगीण विकास में योगदान देने की अपील की। बैठक का उद्देश्य विद्यालय और पालकों के बीच समन्वय बढ़ाकर बच्चों की शैक्षणिक प्रगति एवं व्यक्तित्व विकास को बेहतर बनाना रहा।

स्वास्थ्य शिविर में 65 नागरिकों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

आरंग। स्थानीय श्री राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट द्वारा दशहरा एवं दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में जनस्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन मंदिर परिसर में शनिवार को दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक किया गया। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी की जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क की गई। मंदिर के सर्वराकार सावन शुक्ला ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अश्विनी राउत एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे ने अपनी सेवाएं दीं तथा आवश्यक सुझाव एवं दवाइयां लिखीं। सर्वराकार एवं मंदिर के ट्रस्टियों ने समस्त आम नागरिकों की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया।

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

वोट बचाओ, देश बचाओ, संविधान बचाओ' अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू के नेतृत्व में एसडीएम अभनपुर के माध्यम से कलेक्टर रायपुर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, चुनाव प्रक्रिया से जुड़े सवालों की निष्पक्ष जांच कराने और नागरिकों के संवैधानिक मताधिकार की रक्षा करने की मांग की गई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सद्भावना कुटी अभनपुर में आयोजित बैठक के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल रैली निकाली। सभा को पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे और जिला प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने संबोधित करते कहा कि कांग्रेस पार्टी प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। लोकतंत्र में जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी और जवाबदेह होनी चाहिए। बूथ स्तर पर हमारे बीएलए और कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाता सूची की निगरानी करेंगे तथा मतदाताओं के अधिकारों से जुड़े मामलों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएंगे। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। नेताओं ने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ियों और चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर केंद्र सरकार एवं चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। सद्भावना कुटी से बस स्टैंड तक निकाली गई रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। इसके बाद रैली एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां सुरेन्द्र शर्मा ने संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगान गाकर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान प्रदेश सचिव प्रवीण साहू,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भोला सोनवानी, रामा यादव, गिरधारी साहू, पालिका उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, चन्द्रहास साहू, निमा निम्बेकर, जीत सिंग, राजू शर्मा चेरिया, तुलेश साहू, नीलकमल गिलहरे, बीरेंद्र सिन्हा, डोमेन्द्र साहू, बीरबल टंडन, दिनेश अम्बिलकर, पार्थ वैष्णव, राजेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

माना-तूता के जंगल पर संकट, बचाने की गुहार

आरंग। माना-तूता क्षेत्र के मानव निर्मित जंगल को बचाने के लिए माना-तूता जंगल संघर्ष समिति ने छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज से सहयोग और समर्थन की अपील की है। समिति ने चित्रोत्पला फिल्म सिटी परियोजना के लिए इस क्षेत्र की भूमि के उपयोग की योजना पर चिंता जताते हुए कहा है कि इससे हजारों पेड़ों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। समिति का मानना है कि इस जंगल को नष्ट करने के बजाय इसे शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। समिति की ओर से 23 अक्टूबर को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि माना-तूता क्षेत्र का जंगल प्राकृतिक रूप से विकसित नहीं हुआ, बल्कि बंजर और पथरीली भूमि पर पूर्वजों के कठिन परिश्रम से तैयार किया गया मानव निर्मित जंगल है। यहां आज भी एक पौधा लगाना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे में इस जंगल को बचाना केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं, बल्कि पूर्वजों की मेहनत, स्थानीय समाज के भविष्य और प्राकृतिक संतुलन की रक्षा का सवाल भी है। माना-तूता जंगल संघर्ष समिति ने इस क्षेत्र में महाविद्यालय, सार्वजनिक पुस्तकालय और जिले का सबसे बड़ा ऑक्सीजन केंद्र स्थापित करने की मांग उठाई है। समिति का कहना है कि इन सुविधाओं के विकास से क्षेत्र के युवाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर मिलेंगे, रोजगार की संभावनाएं बढ़ेंगी और आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। समिति के अनुसार, जंगल को बचाने के लिए पिछले आठ महीनों से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि, संघर्ष में ग्रामीणों की भागीदारी अपेक्षाकृत सीमित रही है। इसके बावजूद कुछ जागरूक नागरिकों और सहयोगियों के साथ समिति अपने अभियान में जुटी हुई है। अब समिति ने इस मुहिम को व्यापक समर्थन दिलाने के लिए राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर सहयोग की अपील की है।

स्क्रीन टाइम से बढ़ रहा मानसिक तनाव : महेन्द्र

आरंग। आज मोबाइल सुविधा से ज्यादा लत बन गया है। हम मोबाइल नहीं चला रहे, मोबाइल हमें चला रहा है। यह कहना है शिक्षक व चिंतक महेन्द्र कुमार पटेल का। उन्होंने कहा कि आज लोग औसतन 8 से 10 घंटे मोबाइल पर बिता रहे



हैं। जीवन का आधा हिस्सा स्क्रीन में जा रहा है। इससे मा न सि क अवसाद, तनाव, चि ड़ चि ड़ा प न और अनिद्रा तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि बढ़ते डिजिटल वर्क से फिजिकल वर्क प्रभावित हुआ है। शारीरिक खेल की जगह मोबाइल गेम ने ले ली है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकास बाधित हो रहा है।

कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने नए सदस्यों का किया स्वागत

मोदी व साय की कुशलता से प्रेरित सेकड़ों लोग भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रप्रथम, अंत्योदय और जनसेवा की विचारधारा से प्रेरित होकर तथा छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विकासनीति से प्रभावित होकर आज नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय एम-3 में आरंग विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेत्री प्रीति मिश्रा एवं कांग्रेस नेता ललित मनहरे के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्यजनों ने भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब तथा भाजपा रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग की उपस्थिति में सभी नवप्रवेशित सदस्यों का भाजपा परिवार में आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

छग सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित



मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रहित, अंत्योदय और जनसेवा की विचारधारा से जुड़ने वाले सभी साथियों का हार्दिक स्वागत है। आप सभी का संगठन से जुड़ाव भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा आरंग विधानसभा क्षेत्र में विकास, जनकल्याण और सामाजिक समरसता के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। वहीं, भाजपा रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग की उपस्थिति में हुए इस सदस्यता कार्यक्रम ने संगठनात्मक जुड़ाव और पार्टी की गतिविधियों को लेकर कार्यकर्ताओं के बीच संवाद का अवसर प्रदान किया। उन्होंने संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के महत्व पर बल दिया। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों के माध्यम से प्रदेश की प्रगति के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। भाजपा की नीतियों और सुशासन के प्रति जनता का विश्वास संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी नवप्रवेशित सदस्यों से संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आरंग विधानसभा क्षेत्र के विकास, जनसेवा और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्याम नारंग, गुरु नसी साहेब, मंदिर हसौद मंडल अध्यक्ष गोपाल वर्मा, समोदा मंडल अध्यक्ष भीम साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता साथी एवं गणमान्यजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

रेत से बनाई राष्ट्रपति और सिक्के की आकृति

आरंग। स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर आरंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पूज्य माता साहिबा देवी जी की जयंती के अवसर पर 200 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किए जाने पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रेत कलाकार हेमचंद साहू ने अपनी कला के माध्यम से अनूठे ढंग से बधाई दी। उन्होंने रेत से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू एवं 200 रुपये के स्मारक सिक्के की आकर्षक कलाकृति तैयार की। रेत कला के माध्यम से बनाई गई इस कलाकृति में कलाकार ने अपनी कल्पनाशीलता, सूक्ष्म कला कौशल और रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। साधारण रेत को कलात्मक स्वरूप देकर उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा स्मारक सिक्का जारी किए जाने के महत्वपूर्ण अवसर को यादगार बनाने का प्रयास किया। कलाकृति के माध्यम से राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को शुभकामनाएं भी प्रेषित की गईं।



कलाकार हेमचंद साहू ने बताया कि रेत के माध्यम से देश, समाज, संस्कृति और महत्वपूर्ण अवसरों को कलाकृति का रूप देना उनके लिए कला के साथ-साथ सम्मान और अभिव्यक्ति का माध्यम है। उनका उद्देश्य अपनी कला के माध्यम से महत्वपूर्ण घटनाओं और व्यक्तित्वों को जनमानस तक पहुंचाना है। रेत से तैयार की गई इस अनूठी कलाकृति को देखने के लिए स्थानीय लोगों में भी उत्सुकता रही। लोगों ने हेमचंद साहू की कला की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी रचनात्मक कला आरंग और छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

खबर संक्षेप

सीएम साय से सांसद प्रधान ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री निवास पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं ओडिशा संबलपुर से सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार कोमुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने श्री प्रधान का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

विप्र भवन में शरद पूर्णिमा पर कवि सम्मेलन

रायपुर। समता कॉलोनी स्थित विप्र सांस्कृतिक भवन में शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज, विप्र सांस्कृतिक प्रबंध समिति के तत्वावधान में उक्त कार्यक्रम रविवार को शाम 6 बजे से शुरू होंगे।

माना में पटपर झांकी का आयोजन 28 को

रायपुर। दीपावली के उपलक्ष्य में 28 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से मेनरोड माना बस्ती में श्री दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार डोंगरगढ़, राजनांदगांव की पटपर झांकी का आयोजन रखा गया है। आयोजक मनीष यादव ने इस संबंध में विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, आरडीए अध्यक्ष नंदकुमार साहू, अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री भाजपा अमित साहू, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र धुरंधर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रायपुर ग्रामीण भोला प्रसाद साहू होंगे।

डाक अदालत 5 नवंबर से

रायपुर। डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों, समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी 5 नवंबर से सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान डाक सेवाओं से संबंधित शिकायतें जैसे डाक वस्तुओं का वितरण काउंटर सेवाएं,लघु बचत योजनाएं, रजिस्ट्री, मनीआर्डर, वीपीपी पार्सल, स्पीड पोस्ट डाक जीवन बीमा आदि का समाधान डाक अदालत में किया जाएगा।

निधन

चेतना रोचलानी

रायपुर। वर्धमान महावीर हॉस्पिटल के सामने लालपुर निवासी चेतना रो च ला नी (गोपी) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अक्टूबर को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे डॉ. सोमेश रोचलानी, डॉ. परेश रोचलानी, संजय रोचलानी एवं डॉ. मोहिनी रोचलानी की माता थीं।



महेंद्र भाई बावरिया

रायपुर। एसबीआई कॉलोनी फाफाडीह निवासी महेंद्र भाई रवजी भाई बावरिया (65) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे निर्मल बावरिया के भाई एवं जतिन, आशीष एवं वाल्मीकि बावरिया के पिता थे।



आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री नमन शर्मा उम्र 27 वर्ष आ. श्री अनुज भारद्वाज नि. मकान नं. 26 हाउसिंग बोर्ड कोपल विद्यालय के पास अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) के स्वामित्वाधिकार एवं आधिपत्य की भूमि के संबंध में परिवर्तित भूमि वाके मौजा भाठागाँव प.ह.नं. 00060 रा.नि.मं. रायपुर 13 भाठागाँव तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) अंतर्गत भूमि स्थित है जिसका ख.नं. 119/38 रकबा 900 वर्ग फुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया है शेष राशि का भुगतान बैनामा पंजीयन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय, बैंक, बीमा, वित्तिय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण, निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के भीतर अपनी उजर आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतामय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा वाद म्याद की गई किसी प्रकार की उजर आपत्ति या दावा के लिए मेरा पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री करवा लेगा। सो सूचना जाने ।

स्थानः- डोंगरगढ़
दिनांकः-23/10/2026

नितीन बहेकर
(अधिवक्ता)
सिविल लाईन वार्ड नं. 23 ठेठवार पारा
डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो. 9691563541

सार्वजनिक स्थानों पर लगेंगे 4 हिस्से वाले डस्टबिन, निगम ने 1,050 फोरबिन खरीदे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम शहर को स्वच्छ रखने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के बेहतर प्रबंधन के लिए अब चार तरह के कचरे को अलग-अलग एकत्र करने वाले विशेष डस्टबिन लगाएगा। इसके तहत शहरभर में 1,050 फोरबिन डस्टबिन की खरीदी की जाएगी। यह खरीदी स्वच्छ भारत मिशन के तहत होगी, जिसके लिए नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग जल्द ऑनलाइन टेंडर करेगा। इसकी प्रक्रिया निगम मुख्यालय ने शुरू कर दी है। पंद्रहवें वित्त आयोग मिलेनियम प्लस सिटी के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन घटक के तहत शासन ने इस कार्य के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

खास खबर

दरअसल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 लागू होने और गारबेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग के कंपोनेंट - 2 के अंतर्गत शहर के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए मुक्कड़ मुक्त शहर के कंसेप्ट को लेकर रायपुर नगर निगम कार्य कर रहा है। शासन की गाइड लाइन के अनुसार शहर के सार्वजनिक स्थानों पर अलग-अलग कचरे के संग्रहण की व्यवस्था करने 4 बिन वाले कूड़ेदान लगाए जाएंगे। इसकी स्थापना और फोरबिन वाले डस्टबिन क्रय करने ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। योजना के तहत शहर के उन प्रमुख स्थानों पर चार हिस्से वाले डस्टबिन लगाने की तैयारी है, जहां लोगों का सबसे अधिक आना-जाना होता है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार डस्टबिन में रीसाइकिल किए गए पैकेजिंग वेस्ट से बने प्लास्टिक और एल्यूमिनियम कंपोजिट बोर्ड का इस्तेमाल किया जाना है। डस्टबिन क्रय करने के लिए किए जाने वाले ऑनलाइन टेंडर में इसकी आपूर्ति के साथ ही इसकी स्थापना और कमीशनिंग का कार्य भी शर्त में शामिल है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत खरीदी के लिए ऑनलाइन टेंडर जल



नगर निगम राजधानी में चार तरह के कचरों को अलग-अलग एकत्र करने बना रहा सिस्टम

एक प्रकरण में किराना कारोबारी को रिकार्ड 44 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर उड़ाए 8.50 लाख रुपए

नहीं थम रही डिजिटल अरेस्ट कर जालसाजी की घटना, तीन महीने में 33 लाख से ज्यादा की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वालों के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश होने के बाद भी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने की घटना कम होने का नाम नहीं ले रही है। राजधानी के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में डिजिटल अरेस्ट कर 33.50 लाख रुपए ठगी की घटना सामने आई है। जिन लोगों के साथ ठगी की घटना हुई है, उनमें एक महिला शामिल है। ठगी के शिकार सभी बुजुर्ग हैं। तीनों ठगी की घटनाओं की जांच रेंज साइबर पुलिस कर रही है। डिजिटल अरेस्ट के एक प्रकरण में कारोबारी को 44 दिनों तक अलग-अलग समय में भय दिखाकर ठगी की गई है।

रेंज साइबर पुलिस ने चार माह पूर्व मई में डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वालों के एक इंटर स्टेट गिरोह के तीन शातिरों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन शातिरों ने 104 म्यूल अकाउंट तथा फर्जी सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था। जांच करने पर उन लोगों द्वारा देश के अलग-अलग 17 राज्यों के 88 डिजिटल अरेस्ट के प्रकरण में संलिप्तता की बात सामने आई थी। गिरफ्तार आरोपियों में डोंगरगढ़ का युवक राजदीप सिंह उर्फ यश भाटिया के रूप में हुई थी। इसके अलावा एक आरोपी दिल्ली तथा दूसरा कर्नाटक, हुबली का था। आरोपी खुद को मुंबई और दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताकर लोगों को वीडियो कॉल पर डराते थे और गिरफ्तारी का भय दिखाकर रकम ट्रांसफर करवाते थे।



इसलिए बुजुर्ग को निशाना बनाते हैं

जानकारों के अनुसार उम्रदराज लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने का बड़ा कारण उन्हें सामाजिक मर्यादा के साथ अपने मान-सम्मान की चिंता रहती है। जालसाज ऐसे लोगों को गिरफ्तारी का भय दिखाते हैं। इस कारण उम्रदराज व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी के डर से इस बात की किसी के साथ चर्चा नहीं कर पाते और वे आसानी से ठगी का शिकार हो जाते हैं।

इन लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

केस 1

44 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

खमतराई थाना क्षेत्र के उरकुरा निवासी 64 वर्षीय किराना कारोबारी देवसिंह साहू को फर्जी सीबीआई और आईपीएस अधिकारी बनकर डराया गया और मनी लॉन्ड्रिंग केस का भय दिखाया गया। कारोबारी को 44 दिनों तक अलग-अलग समय में डिजिटल अरेस्ट कर साढ़े आठ लाख की ठगी की गई।

केस 2

एनआईए का भय दिखाकर महिला से ठगी

गंज थाना क्षेत्र की नर्मदापारा निवासी 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला को एनआईए का अफसर बन आधार कार्ड के दुरुपयोग करने का झांसा देकर पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर सात लाख की ठगी की गई। महिला ने जालसाजों के अकाउंट में रकम जमा करने अपनी एफडी तुड़वाकर पैसा जमा किए।

केस 3

सेवानिवृत्त शिक्षक से 18 लाख की ठगी

विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक को जालसाजों ने नवा रायपुर एटीएस अफसर बनकर उनके आधार कार्ड का दुरुपयोग कर जम्मू कश्मीर में अकाउंट ऑपरेट होने का झांसा दिया। जालसाजों ने उस अकाउंट से मनी लांड्रिंग होने का झांसा दिया। साथ ही फर्जी गिरफ्तारी वारंट दिखाकर 18 लाख की ठगी की।

गर्मी से पहले दीक्षानगर टंकी का निर्माण, गोंदवारा ब्रिज के पास शिफ्ट होगा बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ठक्करबापा वार्ड स्थित दीक्षानगर में निर्माणाधीन नई पानी टंकी का निर्माण गर्मी से पूर्व पूरा होगा। अनुबंधित ठेकेदार को निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने निर्माण कार्य में तेजी लाने और गर्मी से पूर्व पानी टंकी निर्माण कार्य हर हाल में पूरा करने की हिदायत दी। इस पानी टंकी के बनने से गुढ़ियारी क्षेत्र के दीक्षानगर सहित आसपास के आधा दर्जन रहवासी इलाकों में पेयजल की समस्या दूर होगी। वहीं गोंदवारा क्षेत्र में सड़क पर लगने वाले बाजार को ब्रिज के पास सुरक्षित जगह पर शिफ्ट कराया जाएगा।

> ■ निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने किया निरीक्षण

नगर निगम आयुक्त ने शनिवार को खमतराई स्थित जोन-1 कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के साथ कबाड़ सामग्री निष्पादन की कार्रवाई देखी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कबाड़ सामग्री को नियमानुसार प्रक्रिया के तहत नीलाम करने की कार्रवाई के लिए नगर निगम के मोटर वर्कशॉप भेजने निर्देश दिए।



खमतराई पानी टंकी के पास स्थित जोन कार्यालय परिसर में उन्होंने विगत कई वर्षों से डंप पड़ी 35 साइकिलें महिला एवं बाल विकास विभाग को भिजवाईं। साथ ही 27 व्हीलचेयर हमर अस्पताल भेजी गईं। इस दौरान जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता शरद देशमुख सहित संबंधित जोन के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

बेटे का उपचार कराने आई महिला एम्स से गायब, पुलिस ने दर्ज किया अपहरण का केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एम्स में बेटे का उपचार कराने आई खैरागढ़-छुईखदान-गंडई स्थित मजगांव बकरकट्टा गांव की महिला गायब हो गई है। आमानाका पुलिस अपहरण का केस दर्ज कर अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से महिला की पतासाजी करने में जुटी हुई है। महिला के गायब होने की घटना 22 अक्टूबर की है।

महिला खैरागढ़-छुईखदान- गंडई की रहने वाली

महिला की पहचान कली बाई मंडावी (38) के रूप में हुई है। काफी खोजबीन के बाद जब उनका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि महिला ने अपने बेटे संतोष को उपचार कराने एम्स में 19 अक्टूबर को भर्ती किया था। महिला के साथ उनका भाई बिसरू पोर्ते भी मौजूद था। दोनों अस्पताल में रहकर बेटे का उपचार करवा रहे थे। परिवार बेटे के जल्द स्वस्थ होने की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन महिला के अचानक गायब हो जाने से परिजन काफी दुखी हैं। बताया जा रहा है, घटना दिनांक को महिला अपने बेटे के वार्ड से अचानक गायब हो गई। महिला के भाई ने अपनी बहन की काफी खोजबीन की। पतासाजी करने पर महिला के नहीं मिलने पर अन्य परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन शुक्रवार को थाने में महिला के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे।

अज्ञात लोगों ने धारदार हथियारों से युवक पर किया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डीडीनगर थाना क्षेत्र के कुशालपुर, रिंग रोड-1 में चार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक पर धारदार हथियारों से लैस होकर जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है। घटना 22 अक्टूबर देर रात की है। आरोपियों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। युवक का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है।

युवक की पीठ सीना सहित अन्य अंगों पर वार

बदमाशों ने रूपांशु यादव नामक युवक पर जानलेवा हमला किया है। पुलिस के अनुसार, घटना दिनांक को भोजनालय संचालक नाग राजू पिल्ले के दोस्त रूपांशु यादव का जन्मदिन था। बर्थडे मनाने के लिए रूपांशु अपने साथी खिलेंद्र साहू के साथ भोजनालय पहुंचा था। इसके बाद नाग राजू और खिलेंद्र केक खरीदने चंगोराभाठा बाजार चले गए। दुकान बंद होने के कारण केक नहीं मिला और दोनों लौटे। भोजनालय पहुंचने पर उन्होंने देखा कि तीन-चार अज्ञात व्यक्ति रूपांशु के साथ मारपीट कर रहे थे। दोनों ने विरोध किया, तो हमलावर उनकी ओर दौड़ पड़े। वे बाइक से पीछे हट गए। कुछ देर बाद लौटने पर रूपांशु खून से लथपथ भोजनालय के सामने पड़ा मिला। उसके सीने, पीठ, कमर के नीचे, बाएं पैर की जांघ और दोनों हाथों की उंगलियों पर धारदार हथियार से जख्म के निशान थे। इसके बाद दोस्त उसे उपचार कराने अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

पेज 7 के शेष

जनरल कोच में ...

बिलासपुर और रायपुर मंडल की तीन लंबी दूरी की ट्रेनों को इस व्यवस्था में शामिल किया गया है। रेल मंत्रालय के 52 सप्ताह में 52 सुधार एजेंडे के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को पूरी यात्रा के दौरान स्वच्छ कोच, साफ शौचालय और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। नई व्यवस्था में ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से अंतिम स्टेशन तक सफाई की निगरानी की जाएगी।

दो घंटे के अंतराल पर...

सफाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए विशेष मोबाइल ऐप का इस्तेमाल किया जाएगा। कर्मचारी सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें जियो-टैग और समय के विवरण के साथ अपलोड करेंगे। एआई आधारित वार रूम में इन तस्वीरों की जांच की जाएगी। निर्धारित मानकों के पालन की पुष्टि के बाद ही संबंधित ठेकेदार के भुगतान की अनुमति दी जाएगी। इससे सफाई व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिलेगी।

सफाई के साथ छोटी ...

यह एजेंसी ट्रेन के शुरुआती स्टेशन से अंतिम स्टेशन तक सेवाओं के संचालन के लिए जवाबदेह होगी। ट्रेन में एकत्रित कचरे को मजबूत और सीलबंद बैगों में रखा जाएगा। इसके बाद निर्धारित सीएमएम-पंजीकृत स्टेशनों पर कचरे को उतारने की व्यवस्था होगी। इससे रेलवे ट्रैक और स्टेशन परिसर में कचरा फैलने तथा प्रदूषण की समस्या कम करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

दिवाली का सफर ...

किराए पर होता नजर आ रहा है। दिल्ली, मुंबई जैसे नियमित यात्रा वाले शहरों के साथ पुणे, बेंगलुरु जैसे शहरों का किराया भी आसमान की तरफ जाने लगा है। अभी दोनों शहरों का टिकट 8 से 10 हजार के बीच मिल जा रहा है मगर दिवाली के तीन दिन पहले की बुकिंग कराने के लिए 17 से 18 हजार रुपए तक देने पड़ रहे हैं। इसी तरह इंदौर, भोपाल, हैदराबाद का फेयर भी उन दिनों के लिए 8 से 12 हजार तक पहुंच गया है।

फ्लैक्सिबल सिस्टम ...

भी बढ़ने लगता है। वहीं बुकिंग कम होने पर दामों में गिरावट भी आने लगती है। त्योहार के दौरान आवाजाही करने वालों की संख्या बढ़ जाती है। इसकी वजह से इन फ्लाइटों का टिकट भी बढ़ा हुआ रहता है। जिन सेक्टरों में ज्यादा फ्लाइट संचालित होती है, वहां इसका असर कम होता है, मगर जहां एक-दो फ्लाइट चलती है वहां का किराया ज्यादा बढ़ता रहता है।

ट्रेनें फुल हो चुकीं ...

पहले ट्रेनों को प्राथमिकता देता है। वहां सीट मिलने की संभावना कम होने के बाद फ्लाइट का विकल्प स्वीकारता है। ट्रेनों में भीड़ के बीच होने वाली परेशानी और अनावश्यक समय गंवाने के लिए एयर टिकट बुक होने से उसका फेयर भी महंगा होने लगा है।

ऑनलाइन के बाद ...

उपलब्ध कराना है। पहले ऑनलाइन टिकट लेने पर यह सुविधा यात्रियों को मिलती थी, लेकिन अब आरक्षण काउंटर से टिकट लेने वाले यात्रियों के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध कराने की पहल की गई है।

दुर्घटना में इन ...

शामिल हैं। इसके अलावा दुर्घटना के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर चिकित्सा खर्च और पार्थिव शरीर को ले जाने के लिए भी बीमा सुरक्षा का प्रावधान है।हालांकि, बीमा की राशि, पात्रता और दावा भुगतान संबंधित बीमा कंपनी की पॉलिसी में तय नियमों और शर्तों के अनुसार होगा। इसीलिए यात्रियों को बीमा का विकल्प चुनने से पहले इसकी शर्तों की जानकारी लेनी चाहिए।

टिकट लेते...

उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बीमा का लाभ लेने के लिए यात्रियों को संबंधित प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

स्कूल में अनुशासन के नाम पर...

की शिकायत के बाद शिक्षा विभाग ने जांच कराई। इस मामले में स्कूल की प्रावार्य पल्लवी मरार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

महीनेभर पहले ....

अमानक पाया गया था। कारोबारी के आवेदन पर एफडीए ने यह पनीर नगर निगम अमले को सौंप दिया। प्रकरण में कारोबारी ने स्थानीय जांच रिपोर्ट को चुनौती देते हुए दूसरे पंजीकृत लैब से सैंपल की जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट आनी शेष है।

कारोबारी ने ...

सैंपल की जांच में निर्धारित मात्रा से ज्यादा फैट पाया गया था, जिसे असुरक्षित माना गया और संबंधित संस्थान के खिलाफ लायसेंस निलंबन की कार्रवाई की गई थी।

मान्यता के विवादों ...

ने पहले 122, फिर 39 कालेजों की मान्यता सूची जारी कर दी। इस सूची में उन 28 कालेजों को सशर्त मान्यता दी गई, जिसे आईएनसी की उपयुक्तता नहीं मिली थी। साथ ही शर्त भी जोड़ दी गई कि प्रवेश के लिए उन्हीं सीटों को मान्य किया जाएगा।

मसीही समाज का विशेष जनसंवाद कार्यक्रम 27 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मसीही समाज को अपने संवैधानिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, सरकारी योजनाओं, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक कल्याण एवं कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करने तथा बाइबल की शिक्षाओंकेअनुसार परिवार कलीसिया और समाज को सशक्त बनाने केउद्देश्य से 27 अक्टूबर को विशेष जनसंवाद एवं जागरूकता कार्यक्रम रखा गया है।

बिजनेस साइट सिटी

बालको मेडिकल सेंटर में 'समर्थ' मीट, 100 से अधिक कैंसर सर्वाइवर्स हुए शामिल

रायपुर। ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता माह के अवसर पर बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर में शनिवार को 'समर्थ' कैंसर सर्वाइवर मीट का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक कैंसर सर्वाइवर्स ने हिस्सा लेकर अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें सकारात्मक जीवनशैली के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. अदिति चौधरी ने कैंसर सर्वाइवर्स के संघर्ष और जज्बे की सराहना करते हुए जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान कैंसर सर्वाइवर की जीवन यात्रा पर आधारित पुस्तक 'दर्द की दहलीज, उम्मीदों का आंगन' का विमोचन भी किया गया। बिलासपुर के स्पंदन ग्रुप ने आयोजन में विशेष सहयोग दिया। सर्वाइवर्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। बालको मेडिकल सेंटर की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. भावना सिरोही ने कहा कि कैंसर उपचार में चिकित्सा के साथ मानसिक और भावनात्मक सहयोग भी महत्वपूर्ण है। ऐसे आयोजन मरीजों को अनुभव साझा करने, एक-दूसरे से प्रेरणा लेने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर देते हैं। अस्पताल कैंसर जागरूकता और मरीजों के मनोबल को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।



मित्तल कैंसर हॉस्पिटल की राष्ट्रीय ब्रेस्ट कैंसर कांफ्रेंस, आधुनिक उपचारों पर विशेषज्ञों ने की

रायपुर। मित्तल कैंसर हॉस्पिटल की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ब्रेस्ट कैंसर कॉन्फ्रेंस का पहला दिन शनिवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन में स्तन कैंसर के आधुनिक उपचार, शीघ्र पहचान और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों के बीच समन्वय पर चर्चा की गई। वैज्ञानिक सत्रों में कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी और रेडियोथेरेपी की भूमिका पर विशेषज्ञों ने विचार साझा किए। साथ ही व्यक्तिगत उपचार रणनीतियों और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने के उपायों पर भी चर्चा हुई। हॉस्पिटल की डायरेक्टर एवं मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. सुमन मित्तल ने स्तन कैंसर की समय पर पहचान, विशेषज्ञ परामर्श और बहुविषयक उपचार पद्धति के महत्व पर जोर दिया। डॉ. जसवंत जैन ने भी ऐसे वैज्ञानिक सम्मेलनों को उपयोगी बताया। सम्मेलन में जनरल सर्जन्स को आधुनिक उपचार पद्धतियों की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि मरीजों को समय पर उचित विशेषज्ञों तक पहुंचाया जा सके। आयोजकों के अनुसार, जागरूकता की कमी और देरी से पहचान के कारण कई मरीज बीमारी की गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचते हैं। कॉन्फ्रेंस का दूसरा दिन 25 अक्टूबर को आयोजित होगा। इसमें वैज्ञानिक सत्रों के साथ पीजी विद्यार्थियों के लिए ब्रेस्ट कैंसर क्विज भी होगी।





खबर संक्षेप

एमसीएच कालीबाड़ी में होगा ऑपरेशन थियेटर का उन्नयन

रायपुर। कालीबाड़ी स्थित मातृ एवं शिशु चिकित्सालय में तीन ऑपरेशन थिएटर को बेहतर बनाने का काम 16 नवंबर से शुरू होगा। इस काम को पूरा होने में लगभग तीन महीने लगेंगे। इस दौरान मरीजों को परेशानी न हो, इसके लिए अस्पताल प्रबंधन ने वैकल्पिक व्यवस्था की है। उन्नयन कार्य के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में होने वाले ऑपरेशन जिला अस्पताल, पंडरी में किए जाएंगे। इसके लिए पंडरी अस्पताल में जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं।ऑपरेशन थिएटर के उन्नयन के दौरान कालीबाड़ी अस्पताल में सामान्य प्रसव, ओपीडी और वार्ड की सेवाएं पहले की तरह जारी रहेंगी।

प्रोजेक्ट धड़कन, 29 को मिला नया जीवन

रायपुर। जिले में संचालित 'प्रोजेक्ट धड़कन' जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए नई उम्मीद बन रहा है। इसके अंतर्गत जिले में अब तक 2 लाख 58 हजार 838 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। वहीं 29 बच्चों के हृदय का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया है तथा 9 बच्चों को आवश्यक चिकित्सा उपचार एवं प्रबंधन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस पहल से बच्चों को स्वस्थ जीवन की नई उम्मीद मिली है और उनके माता-पिता के चेहरों पर खुशियां लौटी हैं। जिला प्रशासन एवं श्री सत्य साईं अस्पताल के सहयोग से जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में बच्चों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग कर हृदय रोग के संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर उन्हें विस्तृत जांच के लिए चिन्हांकित किया जाता है। बीमारी की पुष्टि होने पर बच्चों को आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों का स्वागत

रायपुर। छत्तीगढ़ की बालिका टीम ने 38वीं राष्ट्रीय सबजुनियर टेनि कॉईट स्पर्धा में कास्य पदक जीत कर राजधानी पहुंचने पर रेल्वे स्टेशन में खिलाडियों का टेनिकाईट संघ के ने स्वागत किया। इस मौके पर पदक विजेता टीम खिलाड़ी- नुकिता साहू, ऐश्वर्या साहू, दिशा साहू, निशा वर्मा, उन्नति दूबे, नियति जायसवाल मौजूद रही। टीम ने पंजाब, दिल्ली, पश्चिम बंगाल को 3-0, गोवा को 3-1 से हराया, सेमीफाइनल में पुडुचेरी से 3-2 से हारकर कांस्य जीता। खिलाड़ियों को स्वागत करने वालों में विधान मिश्रा, संजय शर्मा, वरुण पाण्डे, जया लक्ष्मी, लक्ष्मी साहू, कविता, अर्चना दीवान, लालू सोनकर शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई और रोजगार पर चर्चा

रायपुर। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग कार्यालय में आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने छात्र संगठन के साथ लम्बी चर्चा की। छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र संगठन के प्रमुख जीतेंद्र कुमार साहू ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष के तरफ से छात्र संगठन को बुलावा आया था, जिसे छात्र संगठन द्वारा स्वीकार कर आयोग के कार्यालय में सुबह 10 बजे से 2 बजे तक बैठक कर एक लंबी और सार्थक चर्चा की गई। छात्र संगठन प्रमुख जीतेंद्र साहू के तरफ से एक ही विषय पर चर्चा केंद्रित रखी गई।

हाउसिंग बोर्ड की ओटीएस-2 योजना में 1659 संपत्तियां बिकीं, 251.71 करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल की वन टाइम सेटलमेंट योजना-2 के तहत अब तक 1,659 आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियां बिक चुकी हैं। इनका कुल मूल्य 251.71 करोड़ रुपये है। योजना के अंतर्गत बिक्री के लिए रखी गई 2,656 संपत्तियों में से 62.5 प्रतिशत का विक्रय हो चुका है। अब 997 संपत्तियां बिक्री के लिए शेष हैं, जिनका कुल मूल्य 134.40 करोड़ रुपये है। योजना के तहत पात्र संपत्तियों की खरीद पर मार्च 2027 तक 10 से 30 प्रतिशत तक छूट मिलेगी।

ओटीएस-2 का प्रदर्शन पिछली वन टाइम सेटलमेंट योजना की तुलना में बेहतर रहा है। सितंबर 2021 से मार्च 2024 तक संचालित पूर्ववर्ती योजना में लगभग 511 करोड़ रुपये मूल्य की 2,591 संपत्तियां बिक्री के लिए शामिल की गई थीं। इनमें से 88.28 करोड़ रुपये मूल्य की केवल 506 संपत्तियां बिक सकीं। इस तरह बिक्री का प्रतिशत 17.27 रहा था। इसके मुकाबले वर्तमान योजना में अब तक 62.5 प्रतिशत संपत्तियों का विक्रय हो चुका है। योजना की अवधि मार्च 2027 तक निर्धारित है। इस दौरान पात्र संपत्तियों पर निर्धारित शर्तों के अनुसार 10 से 30 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। अवधि समाप्त होने के बाद ओटीएस-2 के तहत विशेष छूट का लाभ नहीं मिलेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में पांच वर्ष से अधिक समय से अविक्रित आवासीय एवं व्यावसायिक संपत्तियों के एकमुश्त निपटान का निर्णय लिया गया था। इसके तहत लागत मूल्य यानी बेस रेट पर निर्धारित छूट देकर संपत्तियां बेचने की स्वीकृति दी गई। इसी निर्णय के आधार पर 1 मार्च 2025 से ओटीएस-2 शुरू की गई।

मार्च 2027 तक मिलेगा 10 से 30 प्रतिशत छूट का लाभ

सुविधाएं सुधारने और बिक्री बढ़ाने के निर्देश

मंडल आयुक्त अवनीश कुमार शरण ने 23 अक्टूबर को मुख्यालय में योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शेष संपत्तियों की बिक्री में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही आवासीय परिसरों में लिफ्ट, भवनों की आवश्यक मरम्मत, नियमित रखरखाव और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी कमियों को प्राथमिकता से दूर करने को कहा। उनका मानना है कि सुविधाओं में सुधार से खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा और बिक्री को गति मिलेगी।



रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग में चलेंगे आवास रथ

योजना के प्रचार-प्रसार के लिए रायपुर, नवा रायपुर और दुर्ग में आवास रथ चलाए जाएंगे। इनके माध्यम से इच्छुक खरीदारों को उपलब्ध संपत्तियों की जानकारी देने के साथ उनका प्रत्यक्ष अवलोकन कराने की व्यवस्था की जाएगी। खरीदार संपत्ति की लोकेशन, कीमत और उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर निर्णय ले सकेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने अधिकारों की लड़ाई के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

दिल्ली के रामलीला मैदान पर कर्मचारी आक्रोश रैली 12 दिसंबर को,10 सूत्रीय मांगें, देशव्यापी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिल्ली के रामलीला मैदान पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों की देशव्यापी आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इस रैली में छत्तीसगढ़ के कर्मचारी व अधिकारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। अखिल भारती राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने शनिवार को इंद्रावती भवन नवा रायपुर में महासंघ के प्रांतीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए 12 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान पर आयोजित कर्मचारियों की आक्रोश रैली को सफल बनाने का आव्हान किया। श्री लांबा ने इस मौके पर आठवें वेतन आयोग, पुरानी पेंशन योजना, महंगाई भत्ता और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा के सम्मान में प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने केंद्र एवं राज्य सरकारों के कर्मचारियों की लंबित मांगों का जिक्र करते हुए 12 दिसंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कर्मचारी आक्रोश रैली को सफल बनाने मंच से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक भविष्य के लिए संगठित प्रयास करना बेहद जरूरी है। प्रांतीय सम्मेलन में फेडरेशन के



प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने संगठन की उपलब्धियों एवं कर्मचारी हितों के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने प्रदेश में पुरानी पेंशन योजना की बहाली, केंद्र के समान महंगाई भत्ते की व्यवस्था, सातवें वेतनमान के अनुरूप डीए, स्टायपंड व्यवस्था की समाप्ति, दुर्घटना बीमा योजना, अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण सुविधा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सफलता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में फेडरेशन द्वारा किए गए 17 दिवसीय अनिश्चितकालीन आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहा है। प्रदेश में मोदी की गारंटी के अनुरूप कर्मचारियों से संबंधित घोषणाओं को लागू कराने तथा आठवें वेतन आयोग के लाभ सहित अन्य लंबित मांगों को लेकर चल रही संगठनात्मक तैयारियों की जानकारी दी।



डीएड अभ्यर्थियों ने वित्त मंत्री के बंगले का घेराव करने निकाली महारैली

रायपुर। डीएड अभ्यर्थी संघ छत्तीसगढ़ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थियों ने सहायक शिक्षक के रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर शनिवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव करने महारैली निकाली। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने धरना स्थल पर के पास बैरिकेड लगाकर आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज आंदोलनकारी धरना स्थल पर नारेबाजी कर अपने लंबित मांग को लेकर घंटों विरोध जताते रहे। वे सहायक शिक्षक भर्ती 2300 के अंतर्गत रिक्त 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर प्रदर्शन करने जुटे। वर्ष 2023 की सहायक शिक्षक भर्ती के शेष 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर डीएड अभ्यर्थी तूता धरना स्थल से वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले का घेराव करने के लिए निकले, लेकिन पुलिस प्रशासन ने बैरिकेडिंग कर अभ्यर्थियों को धरना स्थल पर ही रोक दिया। अभ्यर्थियों का कहना है पिछले 308 दिनों से नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, इसके बावजूद उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

हेलीकॉप्टर एयर शो की तैयारियों की कलेक्टर ने की समीक्षा



सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर में आयोजित राज्योत्सव के मौके पर सेंध लेक क्षेत्र में आयोजित होने वाले सारंग हेलीकॉप्टर एयर शो की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला प्रशासन, नगर निगम तथा संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में एयर शो के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। शो के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं, आपातकालीन सेवाओं और दर्शकों की सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने, यातायात का सुचारु संचालन सुनिश्चित करने तथा दर्शकों एवं अतिथियों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान पुलिस सहायता, चिकित्सा सुविधाओं, आपातकालीन सेवाओं, परिवहन व्यवस्था और पार्किंग प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की गई। साथ ही ड्रॉप जोन की लेबलिंग, आयोजन स्थल पर प्रवेश एवं आवागमन की व्यवस्था तथा किसी भी आपात परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक इंतजाम समय पर सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अतिथियों के आगमन एवं स्वागत, परिवहन और पार्किंग की समुचित व्यवस्था तथा एयर शो के व्यापक प्रचार-प्रसार से जुड़े विषयों की भी समीक्षा की गई।

मांगों को लेकर प्रदेश के ठेकेदार चड्डी-बनियान में करेंगे प्रदर्शन

तीन साल से पांच हजार करोड़ रुपए का भुगतान नहीं होने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश के सभी ठेकेदार अपनी लंबित मांगों को लेकर घड़ी और आंबेडकर चौक के पास 27 अक्टूबर को चड्डी, बनियान में प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉन्ट्रैक्टर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष वीरेश शुक्ला ने बताया कि पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक का भुगतान ठेकेदारों का 3 साल से लंबित है। उन्होंने आरोप लगाया है कि शासन के साथ संबंधित विभाग से उन्हें जल्द भुगतान होने का केवल आश्वासन मिल रहा है।



प्रदेश के ठेकेदारों ने जल जीवन मिशन के तहत मल्टी विलेज योजना, सिंगल विलेज योजना, एमबीएस योजना, सोलर आधारित योजना, रनिंग वाटर योजना, नलकूप खनन योजना एवं जल जीवन मिशन की अन्य स्कीमों के तहत कार्य किए हैं, जिसका तीन वर्षों से भुगतान लंबित है। एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार भुगतान नहीं होने से ठेकेदार आर्थिक तंगी की मार झेल रहे हैं। इस कारण ठेकेदारों का शासन तथा विभाग के प्रति नाराजगी है।

पाइप लाइन, टंकी के बाद घरों तक नहीं पहुंचा पानी

जल जीवन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों तक नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाना है। भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों में करोड़ों रुपए के पाइप लाइन बिछाने तथा पानी टंकी लगाने के बाद भी लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल नहीं पहुंचने का कांट्रैक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आरोप लगाया है।

बैंक कर्ज का बढ़ा दबाव

ठेकेदारों का कहना है कि लंबे समय से भुगतान अटकने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति गंभीर होती जा रही है। कई ठेकेदारों ने काम पूरा करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से कर्ज लिया था। सरकार से भुगतान नहीं मिलने के कारण वे समय पर बैंक की किस्त जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण कई ठेकेदार बैंक डिफॉल्ट की स्थिति में पहुंच गए हैं। उनका कहना है कि निर्माण सामग्री, मजदूरों का भुगतान, मशीनरी, डीजल और अन्य खर्चों का भुगतान उन्हें अपनी जेब से करना पड़ा, लेकिन विभागीय भुगतान लंबित रहने से पूरा वित्तीय ढांचा प्रभावित हो गया है।





दीपावली पूर्व कर्मचारियों-पेंशनरों को 2% महंगाई भत्ता एरियर सहित दें : फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र सरकार के समान लंबित 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता एरियर सहित दीपावली पूर्व प्रदान करने की मांग की है। इस संबंध में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी को पत्र भेजकर आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है। फेडरेशन ने पत्र में उल्लेख किया है कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने घोषणापत्र में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र के समान महंगाई भत्ता एरियर सहित देने का वादा किया है। फेडरेशन के अनुसार, वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है, जो केंद्र सरकार की दर से 2 प्रतिशत कम है।

श्री वर्मा ने कहा कि बढ़ती महंगाई के कारण कर्मचारियों एवं पेंशनरों को अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लंबित महंगाई भत्ते का भुगतान एरियर सहित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की 6 सितंबर को आयोजित प्रांतीय बैठक में सर्वसम्मति से दीपावली पूर्व महंगाई भत्ता एरियर जारी करने की मांग को लेकर शासन से पत्राचार करने का निर्णय लिया गया था।

हरिभूमि

रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



कृषि संवाद के साथ सम्मान

रायपुर। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की ओर से शनिवार को कृषि विवि के ऑडिटोरियम में कृषि संवाद का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि के क्षेत्र में विकास व नवाचार को लेकर कृषि मंत्री से लेकर अधिकारियों और कृषि विशेषज्ञों से हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने संवाद किया। इस दौरान कृषि को लेकर सुझाव, समाधान और समस्या को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।



पोमेन्द्र कटरे, एवीके एग्रो लाइफ साइंस डॉयरेक्टर का सम्मान करते हुए प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी





कृषि मंत्री ने शौर्य सिंधु को किया सम्मानित



कृषि मंत्री रामविचार नेताम के हाथों सचिन लड्ढा, वचन सीड्स के चीफ फायनेंस ऑफिसर सम्मानित



अतिथि का स्वागत करते आईएनएच न्यूज की एडिटर सोनल भारद्वाज





कृषि मंत्री ने सुनील बलानी, आईटीएसए हॉस्पिटल को किया सम्मानित



कृषि मंत्री ने अनुराग सेन, डॉयरेक्टर एएन ऑटोमोबाइल को किया सम्मानित



कृषि मंत्री ने शिवकुमार पटेल को दिया किसान सम्मान



प्रधान संपादक ने किया अभिषेक मिश्रा, अध्यक्ष छग किसान कांग्रेस का सम्मान



कृषि मंत्री ने मितुल कोठारी, मितुल इंटरप्राइजेस को किया सम्मानित



कृषि मंत्री से प्रदीप अग्रवाल, आशु अग्रवाल, डॉयरेक्टर मिल्कियाना केटल फीड हुए सम्मानित



अतिथि का स्वागत करते हरिभूमि के फोटो जर्नलिस्ट रमन हलवाई



अतिथि का स्वागत करते आईएनएच के वीडियो जर्नलिस्ट भूपेश जांगड़े



प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने माधव सिंह ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय किसान संघ को किया सम्मानित



कृषि मंत्री ने शीतांशु शेखर, सीजीएम, नाबार्ड को किया सम्मानित



कृषि मंत्री से नीरज शर्मा, संदीप सिंह, मां एड एजेंसी हुए सम्मानित



कृषि मंत्री के हाथों देवेन्द्र कुमार तिवारी, एरीज एग्रो लिमिटेड मार्केटिंग कंट्रोलर हुए सम्मानित



प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अमित जैन, आईबी ग्रुप को किया सम्मानित



प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने सुनीत चतुर्वेदी, सीईओ व एमडी केएससी टेक्नो प्रा.लि. को किया सम्मानित



प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने लोकेश चंद्राकर, संचालक उद्यानिकी को किया सम्मानित



अतिथि का सम्मान करते हुए हरिभूमि के आईटी हेड संजीव धीमान



अतिथि का स्वागत करते हरिभूमि के सिटी मार्केटिंग हेड प्रशांत तिवारी

समाज लाइव

शरद पूर्णिमा पर आज सजेगा महोत्सव मंदिरों और घरों में भी निभाएंगे परंपरा



रायपुर। शरद पूर्णिमा से जुड़ी मान्यताओं के तहत रविवार को शरद पूर्णिमा उत्सव का आयोजन दादाबाड़ियों सहित मंदिरों और घरों में किया जाएगा। इस क्रम में अमृतमयी शरद पूर्णिमा पर रायपुर में 'आत्मानुभूति' मुनिश्री आगम सागर महाराज ससंघ की उपस्थिति में अलौकिक गुरु अवतरण महोत्सव के लिए सजेगा। जैन संत परंपरा के इतिहास में अद्वितीय संयोग एवं पावन बेला में धर्मप्राण नगरी एक ऐतिहासिक और अलौकिक आयोजन की साक्षी बनने जा रही है। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर परिसर के श्री वाल्मीकि सभागार में रविवार को भव्य एवं गरिमामयी 'शरदोत्सव वर्ष 2026' (गुरुद्वय अवतरण महापर्व) का आयोजन किया जाएगा। प्रणीत जैन ने बताया कि अध्यक्ष संजय जैन नायक, सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया कि यह महामहोत्सव इसलिए भी वंदनीय है, क्योंकि इसी पावन तिथि शरद पूर्णिमा पर युगदीपक, समाधिस्थ राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान परंपराचार्य आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज का एक ही तिथि पर अवतरण दिवस यानी प्रकटोत्सव है।

गोदड़ीवाला धाम में होगी सत्यनारायण कथा

देवपुरी स्थित पुज्य गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदासराम और संत बाबा गेलाराम साहेब के आशीर्वाद के साथ महंत अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में रविवार को शरद पूर्णिमा पर दोपहर 12.30 बजे भगवान सत्यनारायण की कथा, आरती और बाबा की मदाह साहब, सत्संग, भजन कीर्तन, अरदास सहित पल्लव साहब के कार्यक्रम होंगे। दोपहर 3 बजे भंडारा साहब भी होगा। पूज्य गोदड़ीवाला धाम में हर माह पूर्णिमा के अवसर पर भगवान सत्यनारायण की कथा और व्रत- पूजन 35 वर्षों से अनवरत जारी है। पूर्णिमा पर पूजन का धाम में विशेष महत्व है। यह जानकारी दरबार के सेवादारी इन्दर सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थोरानी, पवन प्रीतवानी ने दी।

छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज भी करेगा आयोजन

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज द्वारा संचालित विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति शरद पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन रविवार को शाम 6 बजे करने वाली है। यह जानकारी देते हुए विप्र सांस्कृतिक भवन प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी एवं छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव में समाज के सदस्यों द्वारा कवि सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विप्र योग पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद खीर प्रसादी एवं सुरुचि भोज की व्यवस्था भी रहेगी।

● बच्चों और बड़ों के लिए खेल प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक समय तक शंख बजाकर आशियान बनीं विजेता

शंखनाद से मेले के दूसरे दिन का आगाज, प्रतियोगिता में भी रहा उत्साह, परिसर में सजी स्टाल्स की श्रृंखला



महाराष्ट्र मंडल में तीन दिवसीय मराठी मेले के दूसरे दिन शनिवार का शुभारंभ शंखनाद प्रतियोगिता से किया। इसमें महिला सभासदों ने उत्साह के साथ शंखनाद किया। सबसे अधिक समय तक शंखनाद करते हुए आशिता मिते विजेता रही। अनिता लांगे ने उप विजेता और मेघा पोतदार तीसरे स्थान पर रही। संस्कृति समिति की प्रमुख गौरी क्षीरसागर ने बताया कि मराठी मेले के दूसरे दिन सुबह बच्चों और महिलाओं के लिए विविध खेलों का आयोजन किया गया।



रायपुर। इसकी शुरुआत शंखनाद प्रतियोगिता से की गई। शंखनाद की ध्वनि से ऐसा प्रतीत हो रहा था, मानो चारों ओर सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा हो। इसमें विभिन्न आयु के प्रतिभागियों ने जोशीले अंदाज में भाग लिया।

शंखनाद स्पर्धा के तुरंत बाद हर शनिवार को महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से 17 महिला केंद्रों में आयोजित होने वाला हनुमान चालीसा का पाठ भी यहां संत ज्ञानेश्वर सभागृह में किया गया। यहां बच्चों के साथ महिलाओं ने सस्वर सामूहिक पाठ किया। वहीं मेला परिसर में अलग-अलग समूह द्वारा सजाए गए स्टाल्स में भी घरेलू प्रोडक्ट की भरमार रही।

'टप्पा बॉल' और 'करे कोई-भरे कोई' खेल रहा खास

गौरी के अनुसार 'टप्पा बॉल' और 'करे कोई-भरे कोई' खेल का आयोजन खास रहा। इसमें 'करे कोई-भरे कोई' में आशिता मिते प्रथम, डॉ. शुचिता देशमुख द्वितीय और मीनाक्षी पिंपलापुरे तीसरे स्थान पर रही। इसके साथ 'टप्पा बॉल' में भी महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। 'टप्पा बॉल' में सबसे अधिक 130 अंक के साथ दिव्यांग बालिका विकास गृह की प्रभारी मालती मिश्रा प्रथम रहीं। वहीं 124 अंक के साथ सुरेखा पाटिल और अंजलि काले संयुक्त रूप से उप विजेता रहीं। वहीं बच्चों के लिए आयोजित 'टप्पा बॉल' में अनुष्का अग्रवाल विजेता, कान्हा नागदेव उप विजेता और अन्वी राऊत तीसरे स्थान पर रही।

मोमबत्ती, आर्टिफिशियल फ्लॉवर सहित बहुत कुछ

मंडल के स्थापना दिवस मराठी मेले में एक से बढ़कर एक स्टाल लोगों को खासा आकर्षित कर रहे हैं। इसकी बड़ी वजह त्योहार से पहले ही जरूरी डेकोरेटिव सामानों की खरीदी से स्टाल्स भी गुलजार हो रहे हैं। जिसमें बेहतरीन डिजाइनर ड्रेस, महिलाओं के आर्टिफिशियल आर्नामेंट्स, घर सजाने के सैकड़ों साजो सामान, आकर्षक दीये, मोमबत्ती, आर्टिफिशियल फ्लावर सहित और भी बहुत कुछ। वहीं बच्चों से लेकर किशोर, युवाओं को परंपरागत व अत्याधुनिक स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टाल लुभा रहे हैं। शाम को होने वाले अलग-अलग आयोजनों में शामिल होने के लिए आने वाले लोग स्टाल्स पर भी उपयोगी वस्तुओं को खरीदने पहुंच रहे हैं।

AAROGYA HOSPITAL

आरोग्य हॉस्पिटल
सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH PRE ACCREDITED
NABH Accredited Hospital

आपकी चिंता समझें।
आपकी सेहत सँभालें।

अपनों के लिए, अपनों जैसा अस्पताल - आरोग्य

ऑर्थोपेडिक सर्जरी
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
आई.वी.एफ. सेंटर
लिवर पैंक्रियास सर्जरी
होल्मियम लेजर

उपलब्ध सुविधाएं :-
- लैप्रोस्कोपिक हर्निया सर्जरी
- गॉल ब्लैडर की पथरी और अपेंडिक्स का उपचार
- निःसंतान दंपती का आईवीएफ द्वारा इलाज
- लैप्रोस्कोपिक द्वारा बच्चेदानी और कैंसर का इलाज
- लेजर और स्टेपलर द्वारा पाइल्स, फिशर एवं फिस्टुला
- होल्मियम लेजर द्वारा प्रोस्टेट और पथरी
- ट्रामा, हड्डी रोग एवं न्यूरोसर्जरी
- लिवर और पैंक्रियास का इलाज
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी
- मेडिसिन विभाग और आईसीयू में गंभीर मरीजों का इलाज
- नाक, कान एवं गला रोग
- प्लास्टिक सर्जरी
- गैस्ट्रो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- नेत्र रोग

कार्डियोलॉजी विभाग
- एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी (स्टंट, पेसमेकर)
- इकोकार्डियोग्राफी (Echo / 2D)
- इलेक्ट्रोकार्डियोग्राम (ECG)
- ट्रेडमिल टेस्ट (TMT)
- होल्टर मॉनिटरिंग – 24 H Holter एवं BP Monitoring (ABPM)
- Stress Echo

फोन: 0771-4044115, 4265115 WHATSAAP: 98271-98000
HDFC Bank के सामने, शंकर नगर से लोधी पारा चौक जाने के मागऱ्पर, शंकर नगर, रायपुर

समाज लाइव

पंजाब केसरी भवन के स्थापना दिवस पर जयपुर पैर लगाने शिविर 1 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के अध्यक्ष सतिंदर कोहली, महासचिव राजीव विग, अश्विनी विग ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं पंजाब केसरी भवन के स्थापना दिवस पर सामाजिक सेवा के तहत विशाल निःशुल्क जयपुर पैर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एक नवंबर को सुबह 10 बजे पंजाब केसरी भवन में शुरू होगा। शिविर में चिन्हित जरूरतमंद दिव्यांगों को निःशुल्क जयपुर पैर प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर को गरिमामय बनाने के लिए सामाजसेवी, समाज के लोग और जरूरतमंदों के जीवन को आसान बनाने के लिए कृत्रिम पैर दिए जाएंगे। इसमें समाज के लोगों सहित पैर तैयार करने वाले एक्सपर्ट द्वारा किस तरह से जयपुर पैर का रख-रखाव और उपयोग करना है, इसकी जानकारी भी देंगे।



सहयोग के लिए आगे आए समाजसेवी और संस्थाएं

इस काम के लिए सभा के वरिष्ठ सदस्यों ने सहर्ष सहयोग की घोषणा की है। इनमें राजीव विग, अशोक मग्गू, डॉ. एचएस कुमार, विकास मोदी, सुनील जग्गी, मनमोहन विग तथा महिला विंग की सदस्य शामिल हैं। सहयोग के लिए अलग-अलग संस्थाओं से भी लोगों का जीवन संवारने के लिए सेवाभाव से काम करने का आह्वान किया है। आयोजन के बारे में पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर प्रकल्प को बेहतर बनाने की दिशा में आगे किस तरह सहभागिता निभाई जा सकती है, इसको लेकर वैचारिक मंथन भी किया जाएगा।

सिटी लाइव

अग्रवाल सम्मेलन की जिला युवा इकाई ने घोषित की कार्यकारिणी

रायपुर। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन ने रायपुर जिला युवा इकाई की वर्ष 2026 से 2031 तक के लिए की कार्यकारिणी घोषित की है। इसके संदर्भ में छत्तीसगढ़ प्रांतीय प्रभारी ईश्वर अग्रवाल के मार्गदर्शन, राष्ट्रीय उप महामंत्री प्रमोद जैन, प्रदेश महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष अमर सुलतानिया की सहमति से जिला अध्यक्ष उदित अग्रवाल ने कार्यकारिणी की घोषणा की। जिला महामंत्री रजत अग्रवाल के सहयोग से गठित की गई नई टीम समाजहित, संगठन विस्तार और युवाओं की सक्रिय भागीदारी पर केंद्रित होकर कार्य करेगी। वरिष्ठ उपाध्यक्ष सौरभ सावड़िया, कोषाध्यक्ष अमन चौधरी, संगठन मंत्री अमर अग्रवाल होंगे। नई इकाई सामाजिक एकता, जरूरतमंदों की सहायता, युवा सहभागिता तथा अग्रवाल समाज की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिला अध्यक्ष उदित अग्रवाल ने कहा कि नई टीम एकजुटता और समर्पण के साथ समाजहित में कार्य करेगी। जिला महामंत्री रजत अग्रवाल ने कहा कि सभी पदाधिकारियों के सहयोग से संगठनात्मक, सामाजिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा।

कार्यकारिणी ने एकजुटता से काम करने का लिया संकल्प

कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों में प्रमुख संरक्षक योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन सहित जिले में बेहतर काम करने के लिए 121 पदाधिकारियों की टीम तैयार की गई है। इसमें संरक्षक रवि सिंघल, बसंत अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, सीए सौरभ अग्रवाल, राम अग्रवाल, नमित जैन, रवि अग्रवाल और राकेश अग्रवाल को बनाया गया है। जबकि सलाहकार आकाश अग्रवाल, अंकित गोयल, अंकुश बंसल, प्रतीक केजरीवाल, अंकित गर्ग, निर्माण अग्रवाल को भी दायित्व दिया गया है। नए लोगों को पदाधिकारी बनाने के साथ ही पुराने लोगों को प्रमुख सलाहकार, संरक्षक सहित कई तरह की जिम्मेदारी दी है। नई कार्यकारिणी ने समाज की एकता, सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया है।

हेल्दी मिठाइयों से लेकर प्रीमियम हैंपर्स तक बढ़ा लाइफ स्टाइल का ट्रेंड

दिवाली पर महंगी मिठाइयों और गिफ्ट बॉक्स का क्रेज 31 हजार का हैंपर, ड्राई फ्रूट्स की 200 से ज्यादा वैरायटी

रायपुर। दिवाली नजदीक आते ही राजधानी के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ नजर आने लगी है। इस बार दिवाली पर लोगों की पसंद में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। पारंपरिक लड्डू और बर्फी के साथ फ्यूजन मिठाइयां, ड्राई फ्रूट्स से बनी मिठाइयां और हेल्दी स्वीट्स लोगों को आकर्षित कर रही हैं। अब लोग एक ही तरह की मिठाई लेने के बजाय अलग-अलग स्वाद वाली मिठाइयों के कॉम्बो बॉक्स पसंद कर रहे हैं। वहीं, दिवाली पर अपनों को उपहार देने के लिए आकर्षक गिफ्ट हैंपर्स की मांग भी बढ़ रही है।





टर्किश मिठाई बकलावा का बढ़ा क्रेज



इस दिवाली टर्किश मिठाई बकलावा ग्राहकों की पसंद बनी हुई है। यह रोल, पिरामिड, बादाम और चौकोर आकार में उपलब्ध है। इसकी कीमत 999 रुपए से शुरू होकर 4,500 रुपए प्रति किलो तक है। वहीं, कुछ प्रीमियम मिठाइयों की कीमत 10 हजार रुपए प्रति किलो तक पहुंच रही है। इसके अलावा काजू रोल पर सोने की परत का इस्तेमाल भी किया जा रहा है, जिसकी कीमत 12 हजार रुपए प्रति किलो तक बताई जा रही है।

बांस और लकड़ी की पैकिंग की बढ़ी मांग

गिफ्ट हैंपर्स की पैकिंग में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। प्लास्टिक के डिब्बों की जगह बांस, लकड़ी और कागज से बनी पैकिंग को प्राथमिकता दी जा रही है। ग्राहकों के लिए नौका, दिल, त्रिकोण और बादाम जैसे आकारों में हैंपर्स तैयार किए जा रहे हैं। आकर्षक पैकिंग के साथ अलग-अलग तरह के खाद्य उत्पाद इन्हें दिवाली के खास उपहार के रूप में पेश कर रहे हैं।

ड्राई फ्रूट्स की 200 से ज्यादा वैरायटी

ड्राई फ्रूट्स से बनी मिठाइयों में भी इस बार कई नए विकल्प मौजूद हैं। बाजार में हेजलनट, पिस्ता, सूखा आलूबुखारा, चेस्टनट, स्ट्रॉबेरी, कीवी, बादाम, अखरोट और काजू से बनी मिठाइयां उपलब्ध हैं। खजूर से बनी मिठाइयों में भी नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इनकी कीमत करीब 1,200 रुपए से शुरू होकर 6 हजार रुपए प्रति किलो तक है।

फ्यूजन मिठाइयां भी पसंद कर रहे ग्राहक

पारंपरिक मिठाइयों के साथ नए स्वाद वाली मिठाइयों की मांग भी बढ़ रही है। केसर-रोज बर्फी, चोको-कतली और गाजर-गोंद हलवा ट्रफल जैसे विकल्प ग्राहकों को आकर्षित कर रहे हैं। कुल मिलाकर, इस दिवाली बाजार में मिठाइयों के स्वाद से लेकर गिफ्ट की पैकिंग तक में नए प्रयोग देखने को मिल रहे हैं।

6 फीट ऊंचा गिफ्ट हैंपर बना आकर्षण

दिवाली पर गिफ्ट देने के लिए इस बार प्रीमियम हैंपर्स भी लोगों को लुभा रहे हैं। इनमें मिठाइयों के साथ ड्राई फ्रूट्स, हेल्दी स्नैक्स, मिलेट्स से बने उत्पाद, हर्बल टी और खुशबूदार मोमबत्तियां शामिल की जा रही हैं। बाजार में 6 फीट ऊंचा गिफ्ट हैंपर खास आकर्षण बना हुआ है। इसमें खाने-पीने की 121 तरह की चीजें रखी गई हैं। ऐसे हैंपर्स की कीमत उनकी वैरायटी और पैकिंग के अनुसार तय की जा रही है। कुछ प्रीमियम गिफ्ट हैंपर्स की कीमत 31 हजार रुपए तक है।

जीवन से जुड़ी समस्याओं का समाधान पाने मां मातंगी के दिव्य दरबार में उमड़ी भीड़, मैदान में सजा डोम

गुढ़ियारी स्थित अवधपुरी मैदान में प्रेमा साईं महाराज के सानिध्य में पांच दिवसीय मातंगी दिव्य दरबार का शुभारंभ श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ शनिवार को किया गया। इस क्रम में सबसे पहले मां मातंगी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आराधना की गई। पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आयोजन स्थल पर पहुंचे और दिव्य दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पहले दिन 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दरबार में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके लिए लोग अलग-अलग शहरों, राज्यों से लोग दिव्य दरबार में शामिल हो रहे हैं।



दरबार में अर्जी लगाने पहुंच रहे हैं लोग

लोग अपनी समस्याओं के साथ ही समाधान और उपाय जानने के लिए दूर-दराज से पहले दिन पहुंचे। आने वालों में अधिकांश लोग यह जानने के लिए अपनों को बीमारी से मुक्ति कब मिलेगी। दिव्य दरबार स्थल के आसपास लोग पहले से ही जगह सुरक्षित कर चुके हैं। अधिकांश श्रद्धालुओं का जत्था सुबह से पहुंचना शुरू होता है। इसे देखते हुए आयोजकों ने युवाओं को जिम्मेदारी दी है। अलग-अलग ग्रुप बनाकर स्वयं सेवक आने वाले लोगों को सुविधा और सहयोग की भावना से दरबार स्थल तक पहुंचा रहे हैं। भोजन-प्रसादी सहित पेयजल और पार्किंग की कमान भी युवा ही संभाल रहे हैं।



सहयोगी बने और करें नियमों का पालन

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील किया है कि वे आयोजन स्थल पर अनुशासन बनाए रखें, स्वयं सेवकों और व्यवस्था में लगे कर्मचारियों का सहयोग करते हुए निर्धारित नियमों का पालन करें। आयोजन समिति के अनुसार आगामी दिनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मातंगी दिव्य दरबार अगले चार दिनों तक जारी रहेगा। इस दौरान श्रद्धालु प्रेमा साईं महाराज के सानिध्य में आयोजित विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों में शामिल हो सकेंगे। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। आने वाले दिनों में भी कार्यक्रम स्थल पर और अधिक भीड़ जुटने की उम्मीद है।

रायपुर। मातंगी दिव्य दरबार में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों और विदेशों से भी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं दरबार में रखी। साथ ही महाराज से समाधान के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया। दरबार में आने वाले लोगों में विशेष उत्साह और आस्था देखने को मिली। कई श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लंबे समय से इस आयोजन की प्रतीक्षा कर रहे थे। आज प्रेमा साईं महाराज के सानिध्य में अपनी समस्याओं का समाधान पाने की उम्मीद लेकर आए हैं। इस तरह की गुहार लगाने के लिए कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। दरबार स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। भीड़ को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा प्रवेश, बैठक, पेयजल, भोजन और सहयोग के लिए कार्यालय भी शुरू किया है।

आदि बाजार में दिखेगी जनजातीय कला की झलक

पारंपरिक कला और शिल्प के कलाकारों को मिला मंच



रायपुर। जनजातीय कला, संस्कृति और पारंपरिक हुनर को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायपुर के टाउन हॉल में शनिवार को 'आदि बाजार 2026' की शुरुआत हुई। जनजातीय कार्य मंत्री रामविचार नेताम ने भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्रायफेड) की ओर से आयोजित इस बाजार का शुभारंभ किया। यह आयोजन 2 नवंबर तक चलेगा। यहां देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय शिल्पकारों और कारीगरों को अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री का अवसर मिलेगा। आदि बाजार का उद्देश्य जनजातीय कारीगरों के उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना और उन्हें उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने में मदद करना है। इसके माध्यम से पारंपरिक कला और शिल्प को नई पहचान देने के साथ कारीगरों की आजीविका के अवसर बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

पारंपरिक कला हमारी सांस्कृतिक धरोहर

शुभारंभ कार्यक्रम में मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि जनजातीय समाज की कला, संस्कृति और पारंपरिक हुनर देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इनसे जुड़े कारीगरों को उचित बाजार उपलब्ध कराना, उनके आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से कारीगरों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलने और उनके प्रचार-प्रसार में मदद मिलती है।

अलग-अलग राज्यों के कारीगरों को एक मंच: मंत्री नेताम ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों से आए जनजातीय कलाकारों और शिल्पकारों को एक ही मंच पर अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर मिलना सराहनीय है। इससे पारंपरिक शिल्प को नई पहचान मिलने के साथ कारीगरों को एक-दूसरे की कला, तकनीक और हुनर को जानने-समझने का मौका मिलता है।

उत्पादों को बाजार मिलने से बढ़ेंगे आजीविका के अवसर

मंत्री ने कहा कि जनजातीय कारीगरों के उत्पाद अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। जरूरत है कि उन्हें व्यापक बाजार और बेहतर विपणन सुविधाएं मिलें, ताकि उनकी मेहनत का वाजिब दाम मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि आदि बाजार 2026 जनजातीय शिल्पकारों के उत्पादों को नई पहचान दिलाने और उनकी आजीविका बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा कार्यक्रम में अपर प्रधान वन संरक्षक संगीता गुप्ता, ट्रायफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, शिल्पकार, कारीगर और जनजातीय कलाकार उपस्थित रहे।

जरूरतमंदों के साथ ही मरीजों के परिजनों के लिए भोजन सेवा



रायपुर। शहर की सर्वधर्म जनहित एवं सामाजिक संस्था अवाम-ए-हिन्द सोशल वेलफेयर कमेटी निर्धन, असहाय, जरूरतमंदों के प्रति नैतिक जिम्मेदारी निभा रही है। दायित्वों का निर्वहन करते हुए 28 वर्षों से निरंतर सेवा कार्य संस्था के लोग कर रहे है। इसी मानवीय कड़ी में संस्थापक, मो. सज्जाद खान अपनी टीम और सहयोगियों का हौसला अफजाई करते हुए अपने कुशल नेतृत्व में संचालित सुपोषण अभियान के तहत निशुल्क भोजन सेवा के सफलता को आगे बढ़ाते हुए 2400 दिन पूर्ण किए। निर्धन, जरूरतमंदों तथा शासकीय डीकेएस अस्पताल में मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन एवं मौसमी फल का वितरण करते हुए दायित्वों का निर्वहन किया। संस्थापक, मो. खान ने बताया कि भूख-प्यास का कोई धर्म नहीं होता, इसी पीड़ा को दूर करते हुए कोई बेबस भूखा न रहे न कोई भूखा सोए, इस उद्देश्य से संस्था स्वतंत्र रूप से बिना किसी शासकीय अनुदान के आपसी सहयोग से भोजन सेवा जारी रखा। कोविड के शुरुआती दिनों से अनेक विषम परिस्थितियों, कठिनाइयों का सामना करते हुए संस्था वंचित निर्धन, असहाय जरूरतमंदों, निम्न तबके की सहायता करते हुए उन्हे मूलभूत सुविधा प्रदान कर रही है। जिसमें अब तक लाखों निर्धन, जरूरतमंद लोग इस भोजन सेवा से लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के लिए स्कूल कैंपस में रोपे पौधे

रायपुर। पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण का निर्माण करने ग्रीन आर्मी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला डूमर तालाब क्षेत्र में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रीन आर्मी के सदस्यों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल की ईई नीतू गणवीर रही, अध्यक्षता रवि थॉमस ने की। विशेष अतिथि ग्रीन आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष शर्मा एवं रायपुरा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह टुटेजा उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधान पाठिका राधा अवधिया सहित विद्यालय प्रबंधन की सहभागिता रही। इस दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता पाठ करते हुए प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश भी दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया। इसमें ग्रीन आर्मी की डीडीनगर, रायपुरा, ब्राह्मण पारा, पुरानी बस्ती एवं टाटीबंध टीम सहित जोन के सदस्य भी शामिल हुए।

अभियान से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत : सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने और अधिक से अधिक लोगों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। ग्रीन आर्मी के प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि संस्था पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता लाने के लिए निरंतर काम कर रही है। संस्था का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से प्रकृति का संरक्षण करना और आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण तैयार करना है।





हेल्थ टिप्स

अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल में रविवि की महिला टीम चैंपियन



रायपुर। शासकीय दूधाधारी बजरंग (दू.ब.) महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रांगण में 23 अक्टूबर को अंतर महाविद्यालयीन वॉलीबॉल (महिला) प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती संगठन छत्तीसगढ़ प्रांत के अध्यक्ष संजय शर्मा थे। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष नीता डुमरे तथा डॉ. प्रकाश वैद्य (पूर्व प्राचार्य, श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय) शामिल हुए। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 10 महाविद्यालयों ने हिस्सा लिया, जिनमें संत गुरु घासीदास शासकीय पीजी महाविद्यालय कुरुद, विप्र महाविद्यालय रायपुर, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, शासकीय महाविद्यालय अभनपुर, शासकीय दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर, गुरुकुल महिला महाविद्यालय रायपुर, विज्ञान महाविद्यालय रायपुर, डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर, शासकीय महाविद्यालय धरसींवा, शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर तथा महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय रायपुर शामिल थे। प्रतियोगिता के प्रथम सेमीफाइनल मुकाबले में विप्र महाविद्यालय और शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय के बीच मुकाबला हुआ (स्कोर 2-0), जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने डॉ. राधाबाई शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय को (2-0) से पराजित किया। फाइनल मुकाबला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और शासकीय दू.ब. महिला महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि दू.ब. महिला महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया है, जो 29 एवं 30 अक्टूबर को शासकीय मीनी माता महाविद्यालय बलौदाबाजार में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। यह जानकारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. कर्मिष्ठ शंभरकर ने दी।

ओपन नेशनल तीरंदाजी में श्रेयांश और अविनाश ने जीता कांस्य पदक



रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित आवासीय तीरंदाजी अकादमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अविनाश केवड़े और नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ी श्रेयांश वर्मा ने जयपुर (राजस्थान) में आयोजित 46वें आर्चरी रिकर्व जूनियर नेशनल टूर्नामेंट में कांस्य पदक हासिल किया। कड़े मुकाबले के टीम इवेंट में उन्होंने हरियाणा की मजबूत टीम को मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया है।

इस उपलब्धि पर अकादमी की कोच दुर्गेश नंदिनी गोस्वामी और श्रद्धा सोनवानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि तीरंदाजी अकादमी के खिलाड़ी लंबे अंतराल के बाद किसी ओपन नेशनल टूर्नामेंट में पदक जीतने में सफल रहे हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के साथ-साथ खेल एवं युवा कल्याण विभाग की डायरेक्टर श्रीमती आकांक्षा शिक्षा खलखो तथा विभाग के तमाम अधिकारियों को दिया। उन्होंने विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग द्वारा समय पर बेहतर खेल उपकरण (इक्विपमेंट) की उपलब्धता सुनिश्चित कराने और निरंतर सहयोग प्रदान करने के कारण ही खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने में कामयाब हो पाए हैं।

एशियन पैरा बैडमिंटन में अभिजीत ने जीता कांस्य पदक

रायपुर। जापान में आयोजित एशियन पैरा गेम्स में छत्तीसगढ़ के प्रतिभाशाली बैडमिंटन खिलाड़ी अभिजीत सखूजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एसएल-4 (एसएल-4) वर्ग में कांस्य पदक (ब्रॉन्ज़ मेडल) अपने नाम किया है। अभिजीत ने प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में भारत के ही सूर्यकांत यादव को सीधे सेटों में 21-16, 21-12 से शिकस्त देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, सेमीफाइनल के कड़े मुकाबले में उन्हें विश्व की दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के ही दिग्गज खिलाड़ी शिव कुमार नवीन से 13-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा और वे कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने अभिजीत सखूजा की इस गौरवमयी सफलता पर उन्हें हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। यह जानकारी छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के सह-सचिव अनुराग दीक्षित ने दी।



राज्य के विभिन्न शहरों में चल रहे सीएससीएस के रोमांचक मुकाबले

अंडर-19 प्लेट ग्रुप में भिलाई, महासमुंद जशपुर और कांकेर की शानदार जीत

भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत राज्य के विभिन्न मैदानों पर रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी-अपनी टीमों को जीत दिलाई।



बीएसपी ने धमतरी को 131 रनों के बड़े अंतर से हराया

कांकेर के न्यू ग्राउंड पर भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) और धमतरी के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें बीएसपी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए धमतरी को 131 रनों के भारी अंतर से करारी शिकस्त दी। मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बीएसपी की टीम ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 259 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। बीएसपी की ओर से देवांश पाटिल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक 73 रनों की शानदार पारी खेली। उनका साथ देते हुए आयुष प्रसाद ने 64 रन, अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने नाबाद 40 रन और आलोक तिवारी ने 28 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया।

260 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी की पूरी टीम बीएसपी के धारदार गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं सकी और मात्र 128 रन पर ही ढेर हो गई। बीएसपी की तरफ से गेंदबाजी में आयुष प्रसाद ने अपनी फिरकी और गेंदबाजी का जलवा दिखाते हुए 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। इसके अलावा देव मांडले, शिवम दुबे और तुष्य प्रजापति ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुए 2-2 बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई, जबकि नैतिक राज के खाते में 1 विकेट आया। इस प्रकार शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर बीएसपी ने यह मुकाबला 131 रनों से अपने नाम कर लिया।

महासमुंद ने कोरबा को 4 विकेट से दी मात

भिलाई के सेक्टर-1 स्थित बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड पर कोरबा और महासमुंद के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जिसमें महासमुंद की टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोरबा की टीम महासमुंद के गेंदबाजों के अनुशासनपूर्ण प्रदर्शन के आगे पूरे ओवर टिक नहीं पाई और उनकी पूरी टीम 181 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

कोरबा द्वारा दिए गए 182 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी महासमुंद की शुरुआत संभली हुई रही। टीम के बल्लेबाजों ने जिम्मेदारी भरा प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट के नुकसान पर 182 रन बनाकर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। महासमुंद ने यह मुकाबला 4 विकेट से जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत की।

जशपुर ने बस्तर को 5 विकेट से हराया

धमतरी में खेले गए एक अन्य मुकाबले में जशपुर और बस्तर की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें जशपुर ने 5 विकेट से शानदार जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए बस्तर की टीम ने निर्धारित ओवरों में सभी विकेट खोकर 223 रनों का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। बस्तर के 224 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जशपुर की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक और संयमित रुख अपनाया। जशपुर के बल्लेबाजों ने बेहतरीन तालमेल दिखाते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाकर लक्ष्य को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया। इस प्रकार जशपुर ने यह मुकाबला 5 विकेट से अपने नाम कर लिया।



रोमांचक मुकाबले में कांकेर ने कोरिया को 13 रनों से हराया

राजनांदगांव के ऐतिहासिक दिग्विजय स्टेडियम में कांकेर और कोरिया जिला के बीच एक बेहद रोमांचक और कम स्कोर वाला मुकाबला देखने को मिला, जिसमें अंततः कांकेर ने 13 रनों से बाजी मार ली। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कांकेर की टीम कोरिया की धारदार गेंदबाजी के आगे लड़खड़ा गई और पूरी टीम मात्र 123 रन के छोटे स्कोर पर ही सिमट गई। छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरिया जिला की टीम को यह मुकाबला आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन कांकेर के गेंदबाजों ने अनुशासित गेंदबाजी करते हुए मैच का पासा पलट दिया। कोरिया की पूरी टीम दबाव में बिखर गई और महज 110 रन पर ही आलआउट हो गई।



अस्मिता लीग तलवारबाजी में छत्तीसगढ़ की बेटियों का जलवा

भिलाई। गुजरात के गांधीनगर स्थित मातृश्री ज्योतिबा कॉलेज परिसर में 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 'खेलो इंडिया अस्मिता लीग वेस्ट जोन फेंसिंग (तलवारबाजी) चैंपियनशिप 2026' में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए राज्य का नाम रोशन किया है। इस तीन दिवसीय पश्चिमी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की महिला तलवारबाजों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शानदार खेल दिखाते हुए कुल चार पदक (एक स्वर्ण, एक रजत, दो कांस्य) अपने नाम किए। इसके अतिरिक्त एक खिलाड़ी ने प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाते हुए आठवीं रैंकिंग प्राप्त की। खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर उन्हें कुल 80,000 की नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

- गुजरात के गांधीनगर में आयोजित वेस्ट जोन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हासिल किए ₹80,000 के नकद पुरस्कार

फॉइल स्पर्धा में दीपांशी ने जीता स्वर्ण और दिव्यांशु को मिला कांस्य



प्रतियोगिता के सीनियर महिला फॉइल वर्ग में भिलाई की होनहार खिलाड़ी दीपांशी नेताम ने अपने सभी प्रतिद्वंद्वियों को परास्त करते हुए स्वर्णिम सफलता प्राप्त की, जिसके लिए उन्हें 25,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। दीपांशी का यह लगातार दूसरा राष्ट्रीय स्तर का स्वर्ण पदक है; इससे पहले उन्होंने 'सीनियर नेशनल रैंकिंग फेंसिंग टूर्नामेंट 2026-27' में भी स्वर्ण पदक जीतकर देश में प्रथम स्थान हासिल किया था। इसी फॉइल स्पर्धा में भिलाई की ही दिव्यांशु नेताम ने अपने उत्कृष्ट खेल के दम पर कांस्य पदक जीतकर 15,000 की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम की।

सेबर व एपी स्पर्धा के परिणामः वेदिका को रजत रीबा को कांस्य और रुपाली को मिली 8वीं रैंकिंग

सीनियर महिला सेबर स्पर्धा में भिलाई की प्रतिभाशाली खिलाड़ी वेदिका कौशिक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया, जिस उपलब्धि पर उन्हें 20,000 की नकद राशि प्रदान की गई। सीनियर महिला एपी स्पर्धा में रायपुर की रीबा बेनी ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को एक और सफलता दिलाई और उन्हें 15,000 की पुरस्कार राशि मिली। इसी एपी स्पर्धा में बिलासपुर की रुपाली साहू ने भी सराहनीय खेल दिखाते हुए प्रतियोगिता में 8वाँ स्थान (आठवीं रैंकिंग) हासिल किया, जिसके लिए उन्हें 5,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

खेल संघों और प्रशिक्षकों ने दी बधाई

छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों द्वारा फॉइल, सेबर और एपी—तीनों विधाओं में पदक जीतने पर संपूर्ण खेल जगत में हर्ष की लहर है। इस शानदार उपलब्धि पर टीम के मुख्य कोच वी. जॉनसन सोलोमन, टीम मैनेजर मोना पटेल तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।



टेटे में दीक्षांत और समाया का दोहरा दबदबा



रायपुर। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के विशेष सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बूढ़ापारा (रायपुर) में आयोजित 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' में रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। 22 से 25 अक्टूबर 2026 तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में शुक्रवार को यूथ अंडर-19 तथा सब-जूनियर अंडर-15 बालक व बालिका एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। इन स्पर्धाओं में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े और रायपुर की समाया पांडे ने अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए दोहरा खिताब अपने नाम किया।

समापन समारोह में राज्य बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने बताया कि यूथ और सब-जूनियर वर्गों के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-1, रायपुर) के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी ने की, जबकि विशेष अतिथि संघ के सचिव सार्थक शुक्ला थे। मंच पर संघ के उपाध्यक्ष व आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक विमल नायर भी आसीन थे। संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद द्वारा किया गया। अतिथियों ने चारों वर्गों की विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पदक देकर सम्मानित किया।

एकल वर्गों के फाइनल मुकाबलों के परिणाम

प्रतियोगिता के एकल वर्गों के फाइनल मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसके अंतर्गत यूथ अंडर-19 बालक एकल में बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े ने रायपुर के आर्यन कुमार सिंह को बेहद कड़े मुकाबले में 4-3 के स्कोर से हराकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया और आर्यन कुमार सिंह उपविजेता रहे। वहीं यूथ अंडर-19 बालिका एकल में रायपुर की समाया पांडे ने एकतरफा खेल दिखाते हुए रायपुर की ही वेदी कछवाहा को 4-0 के स्कोर से पराजित कर खिताब अपने नाम किया, जबकि वेदी कछवाहा उपविजेता बनीं। सब-जूनियर अंडर-15 बालक एकल के फाइनल में एक बार फिर बिलासपुर के दीक्षांत कुमार जांगड़े का दबदबा देखने को मिला, जहाँ उन्होंने रायपुर के कवीश काला को 3-0 के स्कोर से हराकर विजेता ट्रॉफी जीती और कवीश काला उपविजेता रहे। इसके अतिरिक्त सब-जूनियर अंडर-15 बालिका एकल वर्ग में रायपुर की समाया पांडे ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए रायपुर की लावण्या पांडे को 3-0 के सीधे गेमों में हराकर जीत हासिल की और लावण्या पांडे उपविजेता रहीं। सीनियर पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए, जिनमें अरिंदम देबनाथ (रायपुर) ने प्रणय चौहान (रायपुर) को 3-0 से हराया।



स्टेट टेनिस रैंकिंग में विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी दिखा रहे दम

रायपुर। स्वर्गीय अजय निहलानी मेमोरियल छत्तीसगढ़ स्टेट टेनिस रैंकिंग टूर्नामेंट का शुभारंभ 23 अक्टूबर को यूनियन क्लब एवं इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम रायपुर में किया गया। 25 अक्टूबर तक चलने वाली इस रोमांचक प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव गुरुचरण सिंह होरा ने किया। इस टूर्नामेंट में राज्यभर से विभिन्न आयु वर्ग के होनहार खिलाड़ी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

उद्घाटन अवसर पर श्री होरा ने स्वर्गीय अजय निहलानी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि टेनिस के खेल के प्रति उनके योगदान और उनकी स्मृति को संजोए रखने के लिए इस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं को भविष्य में हर वर्ष आयोजित करने का प्रयास किया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को निरंतर प्रतिस्पर्धात्मक माहौल मिल सके। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-18 आयु वर्ग के एकल मुकाबलों के साथ-साथ पुरुष एवं महिला सिंगल्स तथा डबल्स स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ खिलाड़ियों के लिए 45+ और 55+ आयु वर्ग में भी डबल्स मुकाबले रखे गए हैं, जिससे युवा और अनुभवी दोनों श्रेणियों के खिलाड़ियों को अपने खेल को निखारने का भरपूर अवसर मिल रहा है।

कार्नर न्यूज

43 खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन ,सांसद ने दी बधाई

रोड एवं ट्रैक साइक्लिंग में राज्य स्तर पर दुर्ग संभाग का जलवा, ओवरऑल चैंपियन

भिलाई। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित रोड एवं ट्रैक साइक्लिंग स्पर्धाओं में दुर्ग संभाग के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए दोनों ही विधाओं में 'ओवरऑल विजेता' की ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई (अर्हता प्राप्त) करने वाले खिलाड़ियों से दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मुख्य संरक्षक विजय बघेल ने औपचारिक मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी सभी खिलाड़ियों को अपनी बधाई प्रेषित की।

दुर्ग में आयोजित ट्रैक साइक्लिंग में 26 में से 23 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

छत्तीसगढ़ साइकलिंग संघ के महासचिव विनायक चन्नावार एवं सुधीर बंसल ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता का आयोजन दुर्ग में किया गया था। इस प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के बालकों व बालिकाओं ने अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 के सभी वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता पद हासिल किया। दुर्ग संभाग के कुल 26 में से 23 खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट समय चक्र के आधार पर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल की, जिसके बल पर दुर्ग संभाग ट्रैक साइक्लिंग में ओवरऑल विनर बना।



अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रतीक मानोध्या के मार्गदर्शन में मिला प्रशिक्षण

इसी क्रम में रायपुर में आयोजित रोड साइक्लिंग प्रतियोगिता में दुर्ग संभाग के कुल 24 खिलाड़ियों (अंडर-14, 17 एवं 19 बालक व बालिका वर्ग) ने हिस्सा लिया। रोड साइक्लिंग में भी दुर्ग के साइकलिस्टों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सभी वर्गों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और संभाग को रोड साइक्लिंग में भी ओवरऑल चैंपियन बनाया। रोड साइक्लिंग के 24 में से 20 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया। संघ के अधिकारियों ने बताया कि ये सभी खिलाड़ी एनआईएस (NIS) कोच लेवल-3 एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक प्रतीक मानोध्या (जो साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रशिक्षक हैं) की देखरेख में नियमित रूप से कड़ा अभ्यास और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।